## सार समाचार

### ससुराल आए युवक के साथ पुरानी रंजिश पर मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** जिले के आरोन थानांतर्गत पनवाड़ीहाट पुलिस चौकी के ग्राम सराई में ससुराल आए एक युवक के साथ पुरानी रंजिश पर मारपीट हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी रोशन अहिरवार ने ने शिकायत दर्ज कराई कि वह अपनी ससुराल सराई गया था। यहां वह अपने ससुर प्रभूलाल के घर पर पहुंचा तो पुरानी रंजिश के ऊपर से रामसिंह व ब्रजेश ने गाली गलौंच कर मारपीट शुरू कर दी। लड़ाई की आवाज सुनकर मौके पर फरियादी को ससुर प्रभूलाल व दादी सास गुलाबाई आ गयी थी। उसे भी रामसिंह ने धक्का देकर मारपीट की। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 323,294,506,34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

### पह बालिका दस्तयाब, दुष्कर्मी को भेजा जेल

**गुना, देशबन्धु।** जिले के जामनेर थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिग बालिका को पुलिस ने राजस्थान के जिला फलौदी से दस्तयाब किया है। वहीं बालिका का अपहरण कर उससे दुष्कर्म का आरोपी भी गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता के पिता द्वारा जामनेर थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 3 अगस्त 23 को उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री घर पर बिना किसी को कुछ बताए कहीं चली गई है। जिस पर से थाना जामनेर में अपराध क्रमांक 243/23 धारा 363 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया था। जांच में पुलिस को प्रकरण की अपहृता के राजस्थान के जिला फिलौदी के लोहबट थाना क्षेत्र में होने की जानकारी मिली। जिस पर पुलिस की एक टीम राजस्थान रवाना हुई और जहां से अपहृता को दस्तयाब कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया। अपहृत नाबालिग बालिका द्वारा दस्तयाबी पर अपने कथनों में बताया कि ग्राम सुमेरी निवासी मिथलेश पुत्र कालूराम भील उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था। जिसने उसकी मर्जी के बिना उसके साथ कई बार जबरदस्ती गलत काम किया गया। जिसके कथनों के आधार पर आरोपी मिथलेश भील के विरूद्ध प्रकरण में धारा 366, 376, 376(2)(ह) भादवि एवं 5/6 पोक्सो एक्ट इजाफा की गई। जिसे पुलिस ने गत दिवस गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है।

### साफ-सफाई से न रहने पर सास-बहू भिड़ी, मामला दर्ज

**गुना, देशबन्धु।** धरनावदा थानांतर्गत परवाह में सास के घिनापने से रहने पर नाराज होकर एक बहू घर से अलग होने पर अड़ गई। इसी बात पर दोनों में जमकर विवाद हुआ और सास ने बहू के साथ मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया भारती किरार पति गोलू किरार निवासी परवाह हाल नोनपुरा थाना बमौरी ने बताया कि गत शाम उसकी सास भूरी किरार घिनापने से रहती है। इसलिए मैंने मेरी सास से कहा कि मैं अपना खाना अलग बनाऊंगी, तुम घिनापने से रहती हो। इसी बात पर सास ने कहा कि चार दिन कि आई मुझे कानून बता रही है और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना के समय बहू का पति गोलू किरार मजदूरी करने गया था। रात को फिर लाईट बंद होने का बहाना लगाकर उसके देवर कान्हा किरार ने गाली गलौंच की। घटना की सूचना महिला ने अपने भाई को दी तो वह उसे मायके ले गया। यहां से उसने पुलिस को सास एवं देवर की शिकायत की है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी सास पर धारा 323,294,34 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया।

जनआक्रोश यात्रा को मिल रहे भारी जनसमर्थन से कांग्रेस में उत्साह

# राघौगढ़-बीनागंज में भारी जनसमूह के बीच लक्ष्मण सिंह-जयवर्धन सिंह की ललकार



**गुना, देशबन्धु।** कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा के दौरान मिल रहे जन समर्थन को देखकर पार्टी के नेता उत्साहित नजर आ रहे हैं। उनके बयानों में आत्मविश्वास से लबरेज होने की झलक स्पष्ट दिख रही है। कुछ ऐसा ही नजारा राघौगढ़ मुख्यालय पर भी दिखा, जहां जन आक्रोश रैली को संबोधित कर रहे चांचौड़ा विधायक लक्ष्मण सिंह ने अपने चिर-परिचित अंदाज में सबको गुदगुदाया। उन्होंने संघर्ष की कहानी भी इस अंदाज में सुनाई कि लोग लोट-पोट हो गए।

दरअसल, बुधवार को गुना के हाट रोड पर सभा करने के बाद जन आक्रोश यात्रा देर रात राघौगढ़ पहुंची थी। यहां आयोजित हुई सभा को संबोधित कर रहे लक्ष्मण सिंह ने बताया कि उन्हें विधायक और अन्य पदों तक पहुंचने के लिए 35 वर्ष लम्बा संघर्ष करना पड़ा। लक्ष्मण सिंह ने जयवर्धन सिंह से कहा कि कांग्रेस मजबूत हो चुकी है। अब जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में युवाओं को इलाके में आगे बढ़ना है और भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना है। लक्ष्मण सिंह ने ग्वालियर-चम्बल संभाग में कांग्रेस की आंधी होने का दावा करते हुए कहा कि इस बार क्षेत्र में भाजपा महज 4 से 5 सीटों पर सिमट जाएगी। इससे पहले जयवर्धन सिंह ने रैली को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा पर कर्जमाफी रोकने और लोगों को कुटीर आवंटित करने के लिए दलालों को सक्रिय करने का आरोप लगाया। इसके बाद जन आक्रोश रैली चांचौड़ा पहुंची, जहां जयवर्धन सिंह ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जीत का संकल्प दिलाया।

**किसानों में खेती की घटती आमदनी से पनप रहा आक्रोश** - बीनागंज में हुई सभा को संबोधित कर रहे डॉ. गोविंद सिंह हमेशा की तरह भाजपा पर हमलावर नजर आए। प्रदेश में बढ़ रही बेरोजगारी को जन आक्रोश की बड़ी वजह बताते हुए डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि शिवराज सरकार कुछ हजार पदों पर भर्ती निकालती है, उनपर लाखों आवेदन आते हैं और कुछ लोगों को ही नौकरी मिल पाती है। इस प्रक्रिया के दौरान भाजपा सरकार युवा बेरोजगारों से आवेदन भरवाने के नाम पर करोड़ों रुपए जमा कर लेती है। इन पैसों से भाजपा के नेता रंगरलियां मनाने विदेशों में जा रहे हैं। इसी तरह किसानों में भी खेती की बढ़ती लागत और घटती आमदनी की वजह से आक्रोश पनप रहा है। शिवराज सिंह चौहान ने किसानों से झूठ बोला था कि वह आमदनी बढ़ाएंगे। जबकि ऐसा नहीं हुआ। मक्का सहित तमाम फसलों की लागत बढ़ गई और किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए किसान और युवाओं सहित तमाम वर्ग अब कांग्रेस की सरकार बनाने का मन बना चुके हैं।

## अब 450 रुपए में गैस सिलेंडर लेने नपा और आंगनबाड़ियों में उमड़ी भीड़



- परेशान हो रही हितग्राही महिलाएं

**गुना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जब से लाडली बहनाओं को 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने की घोषणा की है। तब से ही एक बार फिर से आंगनबाड़ी केंद्रों से लेकर नगर पालिका और गैस एजेंसी पर महिलाओं की भीड़ उमड़ने लगी है।

गुरुवार को शहर के हाट रोड और सदर बाजार सहित अन्य जगहों पर स्थित गैस एजेंसी सहित नगर पालिका और आंगनबाड़ी केंद्रों पर बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंची। इसमें कई महिलाएं उज्जवला योजना के तहत कनेक्शन लेने तो कुछ एलपीजी आईडी लेने सहित गैस पासबुक में नाम करेक्शन करने पहुंची थी। ऐसे में जिन घरों में पुरुषों के नाम पर गैस कनेक्शन है, वह महिलाएं भी अपने नाम पर उसे गैस कनेक्शन को ट्रांसफर करने के विषय में जानकारी लेती नजर आई। इधर नगर पालिका और आंगनबाड़ी केंद्रों पर लाडली बहनाओं को 450 रुपए में गैस सिलेंडर दिए जाने के फॉर्म भराए जा रहे हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए भी बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंच रही है, हालांकि महिलाओं के डॉक्यूमेंट कम्प्लीट नहीं होने के चलते उनको कॉफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिन महिलाओं ने जिस केंद्र पर लाडली बहना योजना के फॉर्म भरे थे उसी केंद्र पर 450रुपए में गैस सिलेंडर देने के फॉर्म भरे जाएंगें।

## कॉलेज में लगातार बढ़ रही छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं



- गुस्साएं छात्र-छात्राओं ने सौंपा ज्ञापन

**गुना, देशबन्धु।** शासकीय पीजी कॉलेज में छात्र संगठन डीएसओ द्वारा कॉलेज प्राचार्य को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें स्नातक प्रथम वर्ष सेकंड सप्लीमेंट्री वाले छात्रों का रिजल्ट घोषित करने, सभी क्लासेस में अविलंब साउंड सिस्टम लगाए जाने, सभी पात्र छात्रों को स्टेशनरी वितरित करने, कॉलेज में आए दिन छेड़छाड़ की घटना पर रोक लगाई जाने एवं कॉलेज में व्याप्त तमाम अव्यवस्थाओं को दुरुस्त किए जाने की मांग की गई।

डीएसओ के देवेंद्र सेन ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 लागू होते ही प्रथम वर्ष में जिन छात्रों ने परीक्षा दी थी वो छात्र 2 साल बीत जाने के बाद भी अभी तक प्रथम वर्ष में ही हैं। पहले उन छात्रों को सप्ली दे दी गई व उसके बाद सुपर सप्ली। इसके चलते उनके 2 साल पूरे बर्बाद हो गये और अभी तक भी उनका रिजल्ट घोषित नहीं किया गया। जिन छात्रों को अभी तृतीय वर्ष में आ जाना चाहिए था वे छात्र अभी तय नहीं कर पा रहे कि हम कौन सी कक्षा में पढ़ रहे हैं। वहीं कॉलेज की जिन क्लासरूम में प्रथम वर्ष की क्लासेस लगती हैं वहां पर एक क्लास के अंदर 300 से 400 छात्र बैठाए जा रहे हैं। पीछे तक छात्रों को आवाज नहीं पहुंच पा रही शिक्षक क्या पढ़ा रहे हैं छात्र नहीं समझ पा रहे और छात्र क्या कहना चाह रहे हैं शिक्षक नहीं समझ पा रहे ऐसी स्थिति में कक्षाएं लग रही है। हम पहले भी आपको अवगत करा चुके है लेकिन इस पर कोई ध्यान कॉलेज प्रशासन द्वारा नहीं दिया गया।

### 60 लीटर अवैध शराब के साथ एक दबोचा

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा 60 लीटर अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि हड्डीमील पर पानी की टंकी के पास एक व्यक्ति अपने घर के बाडे में अवैध शराब रखकर उसे बेचने के लिये बैठा हुआ है। उक्त उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई। यहां एक घर के बाड़े में एक व्यक्ति प्लास्टिक की दो केनों के साथ बैठा दिखा। जिसने पुलिस को देखकर वहां से दौड़ लगा दी। पुलिस फोर्स द्वारा जिसका काफी पीछा किया गया, लेकिन जो गलियों से होते हुये वहां से भाग निकला। भागे हुए व्यक्ति के संबंध में पता करने पर उसका नाम शिब्बू पुत्र अमीन पारदी निवासी हड्डीमील गुना का होना

## पंचायत मंत्री ने बमोरी क्षेत्र में किया एक अरब से अधिक विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण



**गुना, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया गुरुवार को अपनी गृह विधानसभा के भ्रमण पर रहे। जहां उन्होंने एक अरब रुपये से अधिक की लागत से होने वाले विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। मंत्री श्री सिसोदिया सबसे पहले ग्राम पंचायत कोंतर पहुँचे। जहां 2.20 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 132/33 केवी विद्युत उपकेंद्र का भूमिपूजन एवं 12.85 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण किया। बमौरी में आजीविका भवन में कार्यक्रम में शामिल होकर पर्यावरण सखी योजना के अन्तर्गत स्वसहायता समूह की महिलाओं को स्कूटी वितरित कार्यक्रम में शामिल हुए एवं 55 लाख रुपए की लागत से बने दाल मिल इकाई, मसाला इकाई एवं सिलाई सेंटर का लोकार्पण किया। मंत्री श्री सिसोदिया द्वारा ग्राम मोरखेड़ी में 2.48 करोड़ की लागत से बनने वाले 132/33 केवी क्षमता वाले विद्युत उपकेंद्र का शिलान्यास किया। फ़तेहगढ़ में बहुप्रतीक्षित पंहेटी सिंचाई परियोजना का भूमि पूजन की जिसकी प्रारंभिक लागत 91 करोड़ आएगी। यहां उन्होंने 45 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले सीएम राइज स्कूल का भूमिपूजन किया। इस प्रकार कुल एक अरब 40 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण पंचायत मंत्री द्वारा किया गया। योजना में लाभान्वित होने वाले ग्राम पन्हेटी, निवेरी, निबेरा, कांसल, भाऊपुरा, फ़तेहगढ़, भिंडरा, उमरधा, जागेश्वरी, भगवानपुरा, मामला, झिरी, बावड़ीखेड़ा एवं डिंधोली आदि ग्रामों के किसान होंगे।

फतेहगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बिट्ठलदास मीना,जनपद अध्यक्ष गायत्री भील, रामनाथ पराँठ, मंडल अध्यक्ष रिंकु धाकड़, वीरेंद्र सिंह डोंगरखेड़ी, उपसंचालक राजेश गोयल, अधीक्षण यंत्री जल संसाधन वीसी कोरी, कार्यपालन यंत्री एसके जैन, धर्मेंद्र प्रसाद ओझा प्राचार्य सीएम राइज स्कूल आदि उपस्थित थे।

## जिले के 3 लाख से अधिक किसानों के खाते में 180 करोड़ की राशि अंतरित की



**सीहोर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सतना में आयोजित राज्य स्तरीय कृषक सम्मेलन में वर्ष 2022-23 के लिए प्रदेश के 30 लाख किसानों के खाते में 1058 करोड़ रूपए दावा राशि का भुगतान सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया। जिला स्तरीय कृषक सम्मेलन कृषि उपज मण्डी प्रांगण में आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत सीहोर जिले के तीन लाख 17 हजार 18 किसानों को 180 करोड़ 11 लाख रूपए की बीमा दावा राशि का भुगतान किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक श्री सुदेश राय ने 20 लाभान्वित किसानों को दावा राशि के चेक व 25 किसानों का भू-अधिकार पत्र वितरित किए। कार्यक्रम स्थल पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर विधायक श्री सुदेश राय ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार किसान हितैषी सरकार है। उन्होंने कहा कि किसान अन्नदाता है और अन्नदाताओं के कल्याण और उनकी कठिनाइयों को दूर करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान निरन्तर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के कल्याण और कृषि के विकास के लिए शासन द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। जिसका लाभ सभी किसान भाइयों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से अब किसानों के खेतों तक पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुचाने का कार्य किया जा रहा है। पर्याप्त पानी मिलने से अब गुणवत्तापूर्ण फसलों की पैदावार हो रही है। कार्यक्रम में श्री शूरसिंह बारेला, श्री मायाराम गौर, कृषि विभाग के उप संचालक श्री केके पाण्डेय सहित जिलेभर के कृषक उपस्थित थे।

### भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुई कथा

गुना, देशबन्धु। भार्गव कालोनी स्थित नीलमणि गार्डन में स्व पंडित काशीनाथ भार्गव की स्मृति में भार्गव परिवार द्वारा आयोजित कथाओं की श्रृंखला में गुरुवार को से भार्गव कृषि फार्म पर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया। कथा का वाचन प्रयात कथा वाचक संत स्वामी राघवाचार्य जी महाराज के मुखारविंद से किया जा रहा है। गुरुवार को कथा शुभारंभ से पूर्व शहर में एक विशाल कलशयात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह कलश यात्रा पुरानी गल्ला मंडी स्थित श्री हनुमान मंदिर से पूजा अर्चना पश्चात शुरू हुई। जो हाटरोड, सदर बाजार, जयस्तंभ चौराहा से होते हुए भार्गव कालोनी नीलमणि गार्डन कथा स्थल पहुंचकर संपन्न हुई। जहां विधि विधान से कलश स्थापना के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा आयोजक भार्गव परिवार के पंडित नर्वदाशंकर भार्गव, गिरिराज भार्गव और यश वर्धन ने बताया कि पू'य बाबूजी के संकल्प और उनकी स्मृति में प्रतिवर्ष होने वाली कथाओं की श्रृंखला में ही ये कथा आयोजित हुई है। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2 बजे शाम 5 बजे तक रहेगा। 13 अटूबर को कथा का समापन होगा।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव: रंगोली, नृत्य सहित हुई कई प्रतियोगिताएं



**सीहोर, देशबन्धु।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया इस जिला स्तरीय युवा उत्सव में रंगोली एकल नृत्य ,?शास्त्रीय एकल गायन शास्त्रीय एकल सुगम गायन एकल गायन पश्चात समूह गायन पश्चात एकल वादन पर क्वेश्चन एकल वादन नान पर क्वेश्चन इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन महाविद्यालय में महाविद्यालय प्राचार्य के संरक्षण में जिला युवा उत्सव एवं जिला संगठन प्रभारी डॉक्टर कालिका डॉलस के पिछले कुशल मार्गदर्शन में किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर गणेश लाल जैन कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर कालिका डॉलर्स सहित मंचासीन अतिथियों डॉक्टर सील चंद्र गुप्ता प्राचार्य चंद्रशेखर आजाद महाविद्यालय सीहोर श्रीमती बरखा वर्मा सांसद प्रतिनिधि डॉक्टर तृप्ता झा युवा उत्सव प्रभारी चंद्रशेखर आजाद महाविद्यालय सीहोर के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया दीप प्राजूराम के साथ ही महाविद्यालय की वाणिज्य विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉक्टर जय शर्मा ने छात्रों को सरस्वती वंदना के लिए आमंत्रित किया एवं छात्रों के द्वारा बहुत ही मधुर एवं मनमोहक सरस्वती वंदना का गायन प्रस्तुत किया गया फिर सभी मंचासीन अतिथियों एवं सभी निर्णय को का पुष्पगुछ से स्वागत किया गया इस कार्यक्रम में मंच संचालन महाविद्यालय की वाणिज्य विभाग अध्यक्ष डॉक्टर जय शर्मा एवं वाणिज्य विभाग की डॉक्टर भारतीय सक्सेना द्वारा किया गया इस जिला स्तरीय युवा उत्सव में सीहोर जिले के लगभग सभी महाविद्यालय के छात्रों ने अलग-अलग विधाओं में सहभागिता की जिले के प्रतिभागियों में से भागीदारी करने आए प्रतिभागियों के प्रमाण पत्रों की जांच एवं पंजीयन महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र की डॉक्टर मंगला रायबोले द्वारा किया गया पुष्पगुछ से स्वागत किया गया।

## फूलों की वर्षा कर किया कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा का स्वागत





**आष्टा, देशबन्धु।** कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा के अलीपुर मे प्रवेश करने पर कांग्रेसजनों ने उनका जोरदार स्वागत किया। पुराना बस स्टैंड अस्पताल चौराहा बुधवारा रोड खत्री चौराहा सहित एक दर्जन से अधिक जगह पर फूलो की बारिश से पूर्व मंत्री जीतू पटवारी और कुणाल चौधरी का अभिनंदन किया। उसके बाद जन यात्रा बड़ा बाजार पहुंची। वहीं महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर सहित आधा दर्जन महिलाएं यात्रा में उपस्थित रहीं। वही इस सभा में कांग्रेस के चर्चित उम्मीदवार कमलसिंह चौहान जरूर काफी हद तक भीड़ जुटाने मे सफल रहे । जनआक्रोश की बड़ा बाजार की सभा में पूर्व मंत्री जीतू पटवारी ने जमकर मुख्यमंत्री शिवराज सिह चौहान पर बरसे । उन्होने कहा कि यह कैसे भाई हैं, जिन्हें अपनी बहनों की याद 18 साल बाद आई।

लाड़ली बहनों को एक हजार रुपए डाले जा रहे है। बिजली के बिल 4 गुने बढ़ाए जा रहे हैं। राखी के 2 दिन पहले मुख्यमंत्री ने ढाई सौ रुपए बहनो के खाते मे डाले आज की इस महंगाई के युग मे ढाई सौ रुपए किलो मिठाई कही नही मिलती। विधायक कुणाल चौधरी ने कहा कि प्रदेशभर की लाड़ली बहनो को 450 रुपए मे टंकी नही मिली है। बहनों को एक हजार रुपए दिए जा रहे हैं। वो कही न कही बिजली के बिल के रूप मे आप से वसूले जा रहे है। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ आज भी लागों को नही मिला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आए तो 100 रुपए मे 100 यूनिट बिजली दी जाएगी। किसानो का कर्ज माफ होगा। 5 सौ रुपए मे गैस की टंकी मिलेगी।

कार्यक्रम मे उपस्थित जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ बलवीर तोमर,एआईसीसी सदस्य हरपाल ठाकुर,महिला जिलाध्यक्ष गुलाबबाई ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी,शहर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद गुड्डु, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार,कोठरी नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधी राधेश्याम दलपति कार्यकारी अध्यक्ष कमल सेठ खामखेड़ा बैजनाथ,उपाध्यक्ष सनव्वर खान,शैलेंद्र ठाकुर कुरावर, तोसीफउद्दीन,प्यारे पटेल, जगदीश द्रविड़,बशीलाल बांबे सहित लोग उपस्थित थे।

## नीचे पार्किंग और ऊपर बनेगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, सब्जी मंडी का विकास होगा



**सीहोर, देशबन्धु।** शहर में वर्तमान नगर पालिका परिषद ने शहर को महानगर की तर्ज पर विकसित करने का जो संकल्प लिया था वह तेजी से पूरा हो रहा है। लगातार दूसरे दिन भी क्षेत्र के सभी वार्डों में करीब 7 करोड़ 52 लाख के अलावा शहर के छावनी स्थित सब्जी मंडी के एक करोड़ रुपए के विकास कार्य का भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय की उपस्थिति में क्षेत्रवासियों से करवाया। इस मौके पर नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि केन्द्र सरकार और प्रदेश की भाजपा सरकार ने हमारे जीवन का तरीका बदला है और विकास कार्य के लिए परिषद को करोड़ों रुपए की जो राशि प्रदान की है जिससे हम शहर को विकसित कर रहे है। भाजपा धर्म और जाति देखकर विकास नहीं करती है। शहर में साढ़े छह हजार से अधिक आवास जरूरतमंदों को मिले है, इसके अलावा लाडली बहना योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के मिल रहा है। हमारी पार्टी का एक मूलमंत्र है सबका विकास और सबका विश्वास। गुरुवार को सबसे पहले विधायक श्री राय के मुख्य आतिथ्य में शहर के कोतवाली चौराहे पर पहुंचकर नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि हमारी परिषद को एक साल से अधिक हो गया है।

# दृष्टिबाधितों ने लगाए चौके-छक्के, रोमांचित हुए शहरवासी



## मप्र ने गोवा को हराया, पश्चिम बंगाल ने ओडिसा से मैच जीता

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल में पहली बार राष्ट्रीय दृष्टिबाधित क्रिकेट प्रतियोगिता गुरुवार से शुरू हुई। इसमें पहले दिन दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में पश्चिम बंगाल ने ओडिसा और दूसरे रोमांचक मुकाबले में मध्यप्रदेश ने गोवा को हराया। इस दौरान दृष्टिबांधित खिलाड़ियों ने जमकर चौके-छक्के लगाए। इनका खेल देखकर दर्शक रोमाचित हो गए।

मध्यप्रदेश ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन (एमपी बीसीए) की ओर से दृष्टिबाधित क्रिकेट प्रतियोगिता ओल्ड कैंपियन मैदान पर शुरु हुई। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि आयुक्त सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग संदीप रजक, विशेष अतिथि सक्षम मध्यभारत प्रांत के अध्यक्ष रवि कोपरगांवकर, भोपाल के अध्यक्ष एपी नायडू थे। इसके अलावा एमपीबीसीए की ओर से नेशनल कॉर्डिनेटर ज्योति वर्मा, अध्यक्ष प्रीति तांबे, संयोजक एवं प्रवक्ता डॉ. राजीव जैन, राजेश्वरी कुमार, अंजीता सभलोक, निशी चौकसे, उज्वला राव, ममता चौहान, नंदिनी चौहान, रत्ना शर्मा, राहुल बंसल, राजेश परमार, विवेक पांडे, रेणु, पवन द्विवेदी, भावना सिंह एवं कृष्णा नेगी भी उपस्थित थी। प्रतियोगिता में पहले दिन पश्चिम बंगाल और ओडिसा के बीच खेले गए पहले मुकाबले में बंगाल ने 20 ओवर में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 167 का लक्ष्य दिया। इसके बाद विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओडिशा टीम 99 रन पर सिमट गई। इस तरह प. बंगाल को 67 रनों से जीत मिली। बी2 और बी3 कैटेगरी में प. बंगाल के ओशनजीत अडका और बी1 कैटेगरी में बंगाल के कप्तान चंदन मैथी मैन ऑफ द मैच चुने गए। ओशनजीत ने 3 विकेट झटके और 49 रन बनाए। दूसरा मुकाबला मध्यप्रदेश और गोवा के बीच खेला गया। गोवा टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और निर्धारित 20 ओवर में 135 रन बनाए। मध्यप्रदेश को जीत के लिए 136 रनों की जरूरत थी, जिसे टीम ने 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। बी1 कैटेगरी में प्रदीप रजक और बी2 बी3 कैटेगरी में ज्ञानी विश्वकर्मा मैन ऑफ द मैच रहे। इस दौरान ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक रितेश शर्मा ने खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### आज इन टीमों के मुकाबले

ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन इंडिया के महासचिव मानवेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में शुक्रवार सुबह पहला मैच ओडिसा और उत्तरप्रदेश के बीच खेला जाएगा। इसके बाद दोपहर को दूसरा मुकाबला गोवा और पंजाब टीम के बीच होगा। वहीं प्रतियोगिता का फाइनल रविवार 8 अक्टूबर को खेला जाएगा, जिसमें दोनों पूल की अव्वल टीमें हिस्सा लेंगी।

## मानस ने लॉन टेनिस में जीता स्वर्ण पदक



**भोपाल, देशबन्धु।** आनंद विहार विद्यालय के कक्षा 11 वीं के छात्र मानस गुप्ता ने खेलो मध्य प्रदेश प्रतियोगिता के अंतर्गत लॉन टेनिस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। मानस की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय प्राचार्य शैलेश झोपे ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जो भी विद्यार्थी जीत की लगन से आगे बढ़ेगा सफलता उसकी कदम चूमेगी। मानस की यह उपलब्धि उनके परिवार के साथ साथ विद्यालय और प्रदेश के लिए भी गर्व की बात है। विद्यालय की अध्यक्ष श्रीमती मधु सरन, वनिता समाज की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना बागची एवम् विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों ने मानस को बधाइयां प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बदमाशों ने एएसआइ को मारा चाकू

**भोपाल, देशबन्धु।** तलैया थाना इलाके के इतवारा में बीती रात दो बदमाशों ने कोतवाली थाने में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक (एएसआइ) पर चाकू से हमला कर दिया था। वारदात के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तो एक की पहचान हुई। इस पर पुलिस लगातार उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। हालांकि अभी तक उसके बारे में कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है।

तलैया थाना प्रभारी चतुर्भुज सिंह राठौर ने बताया कि एएसआइ जगदीश रघुवंशी कोतवाली थाने में पदस्थ हैं। बुधवार रात 11 बजे वह इतवारा स्थित शराब दुकान के सामने से गुजर रहे थे। इस दौरान वहां खड़े एक आटो के पास दो युवक एक दूसरे से मारपीट कर रहे थे। एएसआइ उन्हें समझाइश देने पहुंचे, तो उनमें से एक युवक ने चाकू निकालकर उन पर हमला कर दिया। एएसआइ ने चाकू का वार रोकने की कोशिश की। इस दौरान चाकू उनके दाहिने हाथ की हथेली में अंगूठे के पास लग गया। हमीदिया अस्पताल में उपचार कराने के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने एएसआइ की शिकायत पर बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। वहीं घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी की तस्वीरें खंगाली। साथ ही आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की। उसके आधार पर दो में से एक आरोपी की पहचान अदनान के रूप में हुई। उसकी तलाश की जा रही है। अदनान के गिरफ्त में आने के बाद ही दूसरे आरोपी के बारे में पता चल सकेगा।

## समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए पंजीयन अब 15 तक

**भोपाल, देशबन्धु।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान पंजीयन के लिए अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 अक्टूबर कर दी गई है। पहले पंजीयन की तिथि 5 अक्टूबर थी। जिला आपूर्ति नियंत्रक सुश्री मीना मालाकार ने बताया कि जिले के किसानों से अपील की है कि स्वयं के मोबाइल अथवा कम्प्यूटर ग्राम पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, सहकारी समिति पर निःशुल्क पंजीयन तथा एमपीऑनलाइन कियोस्क कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्रों पर, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित सायवर कैफे पर 50 रूपए का शुल्क जमा कर 15 अक्टूबर तक धान का पंजीयन करा सकते हैं।

## 30 अक्टूबर तक चलेगी सचिन तेकाम की चित्र प्रदर्शनी

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय द्वारा प्रदेश के जनजातीय चित्रकारों को चित्र प्रदर्शनी और चित्रों की बिक्री के लिये सार्थक मंच उपलब्ध कराने की दृष्टि से प्रतिमाह लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा में किसी एक जनजातीय चित्रकार की प्रदर्शनी सह विक्रय का संयोजन शलाका नाम से किया जाता है। इसी क्रम में गोंड समुदाय के चित्रकार सचिन तेकाम के चित्रों की प्रदर्शनी सह-विक्रय का संयोजन किया गया है। शलाका चित्र प्रदर्शनी 30 अक्टूबर तक रहेगी।

# 3 महीने से नहीं मिली भोजन की राशि, थाली लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे छात्र

## कहा-सोने के लिए बिस्तर भी नहीं, वार्डन को हटाएं



**भोपाल, देशबन्धु।** अयोध्या बायपास स्थित शासकीय अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास में रहने वाले कई छात्र गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। उनके हाथों में थालियां भी थीं। उनका कहना था कि पिछले 3 महीने से भोजन की राशि नहीं मिली है। दूसरी ओर, छात्रावास में सोने के लिए बिस्तर भी नहीं है। ऐसे में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

छात्रों ने कलेक्ट्रेट के अधिकारी को छात्रावास से संबंधित अव्यवस्थाओं को भी बताया। उन्होंने कहा कि उनके पास सोने के लिए बिस्तर और पढ़ने के लिए मेज नहीं है। इस कारण पढ़ने और सोने में परेशानी हो रही है। खाने की गुणवत्ता बहुत खराब है। कुछ दिनों से तो छात्रावास में भोजन व्यवस्था बंद कर दी गई। वार्डन का कहना है कि शासन स्तर से भोजन के लिए पिछले 3 महिनों से किसी प्रकार का बजट नहीं मिला है। इसलिए सब अपने खाने का इंतजाम या तो खुद करें या छात्रावास छोड़ दें। इसके चलते पिछले दो दिन से छात्रावास परिसर में भूख हड़ताल कर रहे हैं। उनकी मांग है कि छात्रावास के वॉर्डन संजय गौतम को पद से हटाया जाए और नए वार्डन को प्रभार दिया जाए।

उधर स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक पासवान ने कहा कि राज्य सरकार को छात्रावास के संचालन बजट को बिना किसी रुकावट के तत्काल जारी करना चाहिए। साथ ही इस बजट को बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। ताकि हर छात्र भरपेट खाना खा पाए।

## जल दुर्घटना रोकथाम दिवस पर किए जागरूकता कार्यक्रम



**भोपाल, देशबन्धु।** मंदार-एंड-नो-मोर फाउण्डेशन द्वारा जल दुर्घटना रोकथाम दिवस पर गुरुवार को डूबने से जनहानि रोकने के विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय में डूबने से बचाव के अभियान से जुडे सदस्यों ने इस कार्य को अधिक विस्तार देने का संकल्प लिया।

मंदार-एंड-नो-मोर फाउण्डेशन ने आज कार्यक्रम के विशेष रूप से भोपाल के निकट ग्राम बगरोदा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को चुना और यहां उपस्थित लगभग 200 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को डूबने से बचाव संबंधी जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में फाउण्डेशन के संस्थापक निदेशक विश्वास घुषे ने सभी को इस कार्य से जुडने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि बच्चे सुरक्षित व्यवहार अपनाने लगें इस हेतु शिक्षकों के प्रयास आवश्यक हैं, क्योंकि नियमित पाठ्यक्रम में इसका समावेश कम ही होता है। विद्यालय के प्राचार्य विनोद राजोरिया ने सभी उपस्थित को जल दुर्घटना रोकथाम हेतु संकल्प दिलवाया और इस दिशा में और अधिक कार्य करने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि भारत में प्रतिदिन औसतन 1 सौ से अधिक लोगों की जल दुर्घटनाओं में मृत्यु होती है। मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र में यह आँकड़ा सबसे अधिक है, जहाँ प्रतिदिन लगभग 14 लोगों की डूबने से मौत होती है। परन्तु दु:खद बात यह है कि प्राय: समाज एवं प्रशासन भी डूबने से होने वाली मौतों की विकराल संख्या से अनभिज्ञ रहते हैं। आमतौर पर केवल पीड़ित व्यक्ति को ही दोष देकर समस्या के निदान हेतु प्रयास बहुत कम ही किये जाते हैं। इसलिये मंदार-एंड-नो-मोर फाउण्डेशन ने जागरूकता के अनेक आयामों के साथ जल दुर्घटना रोकथाम दिवस 5 अक्टूबर को भी प्राथमिकता दी और वर्ष 2017 से निरन्तर फाउण्डेशन की टीम इसे मनाती है।

# सेल्समैन ने नई कार दिलाने का झांसा देकर कारोबारी से की ठगी

## पुरानी कार के साथ डेढ़ लाख रुपये भी हड़पे

**भोपाल, देशबन्धु।** अरेरा हिल्स इलाके में श्री सत्यसाईं कार शोरूम पर नई कार खरीदने पहुंचे कारोबारी के साथ सेल्समैन ने धोखाधड़ी कर दी। उसने अपने एक साथी की मदद से कारोबारी की पुरानी कार और एक लाख 60 हजार रुपये हड़प लिए और फरार हो गया। पुलिस ने कारोबारी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

अरेरा हिल्स थाने पुलिस ने बताया कि मूलत: खुरई जिला सागर निवासी 43 वर्षीय गजेंद्र प्रताप सिंह ओल्ड सुभाष नगर में रहते हैं। उनके पेट्रोल पंप के अलावा अन्य काम है। जुलाई माह में वह नई कार खरीदना चाहते थे। इसलिए वह 25 जुलाई को श्री सत्यसाईं शोरूम पहुंचे थे। शोरूम पर सेल्समैन शशांक गुप्ता ने उनसे चर्चा की। बातचीत के दौरान उन्होंने सेल्समेन को बताया कि वह नई कार खरीदने के साथ ही अपनी पुरानी बुलेरो गाड़ी बदलना चाहते हैं। इसके बाद 27 जुलाई को सेल्समैन शशांक गुप्ता अपने एक साथी के साथ उनके घर पहुंच गया। जहां पर उसने नई कार फायनेंस कराने के नाम पर कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करा लिए और प्रारंभिक भुगतान के तौर पर एक लाख 60 हजार रुपये व पुरानी कार ले गया। उसके बाद शशांक ने गजेंद्र प्रताप से कोई संपर्क नहीं किया। उसने न उनको फोन किया ओर न ही वह शोरूम पर आया। बाद में गजेंद्र प्रताप ने मामले की शिकायत थाने में की। पुलिस ने कारोबारी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। फिलहाल उनका कुछ पता नहीं है।

## महिला के कान से टाप्स उतरवाकर ले गए दो ठग

**भोपाल, देशबन्धु।** कटारा हिल्स इलाके में मोटर साइकिल से आए दो शातिर बदमाशों ने एक महिला की कपड़े की दुकान पर पहुंचकर उसके कान के टाप्स उतरवा कर भाग निकले। महिला का कहना है कि दोनों ने जादू -टोना कर उसे सम्मोहित कर लिया और फिर उससे कान से टाप्स उतरवाए थे।

कटारा हिल्स पुलिस के मुताबिक हाउसिंग बोर्ड कालोनी लहारपुर निवासी 53 वर्षीय ज्योति शर्मा पति प्रकाश नारायण शर्मा घर में कपड़े की दुकान चलाती है। बुधवार को वह अपनी दुकान पर काम कर रही थी। उसी समय बाइक सवार दो लोग उनकी दुकान पर पहुंचे। एक की उम्र करीब 45 वर्ष और दूसरा 60 वर्ष के लगभग होगा। दोनों ने दुकान के अंदर पहुंचकर ब्लाउज का कपड़ा मांगा और पांच सौ रुपये उसको दे दिए। महिला ने कपड़ा देकर उनको बाकी रुपये वापस कर दिए। उसके बाद उन दोनों ने रुपये रखकर मुंह से कुछ बोला और जाते समय महिला से उसके कान में पहने टाप्स उतारकर देने को कहा। इस पर महिला ने अपने कान के दोनों टाप्स उतारकर उनको दे दिए। टाप्स लेकर दोनों तेजी से बाहर निकले और मोटर साइकिल पर बैठकर रफूचक्कर हो गए। इसके बाद महिला को एहसास हुआ कि उस पर जादू-टोना कर वह उसके टाप्स लेकर गए हैं। इस पर उसने अपनी बेटी को आवाज लगाकर दुकान पर बुलाया और उसके स्कूटर से दोनों का पीछा किया। बदमाशों को उन्होंने बरखेड़ा तक देखा लेकिन उसके बाद वह दोनों गायब हो गए। बाद में महिला ने थाने में जाकर आरोपियों की शिकायत की। महिला ने टाप्स की कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई। पुलिस ने महिला की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल

जोन क्रं.-08 यांत्रिक विभाग

निविदा आमंत्रण घोषणा-पत्र

क्रं. 214/ यां.वि. / 2023 भोपाल, दिनांक 06.10.2023

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार परसेन्टेज मोहर बंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आंमत्रित की जाती है।

| S. No | Tender ID | Name of Work | Probable Amount of Contract (Rs. in lakh) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs) | Cost of Bid Document (In Rs) | Period of Completion (in Months) | SOR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_ UAD_ 315051_1 | PROVIDING AND FIXING OF SHED AT RAHUL NAGAR AMBEDKAR NAGAR, AND LUMBNI PARISAR W-28 Z-08 | 422408/- | 4224/- | 2000/- | 02 months | MPUADD building 2021 |
| 2 | 2023_ UAD_ 315135_1 | construction of community hall in ganga nagar w-28 z- 08 | 507358/- | 5074/- | 2000/- | 02 months | MPUADD building 2021 |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/ 2. The Bid Document can be purchased only online from 10:30A.M. (time) 06.10.2023 (date) to 17:30P.M. (time) 19.10.2023 (date). 3. Amendments to NIT, if any, would be published on website https://www.mptenders.gov.in/ only, and not in newspaper.
The initial period of 05( five year after completion shall be treated as Defect Liability Period (DLP).

**Assistant Engineer (Civil)**
**Zone-08 Municipal Corporation Bhopal District Bhopal**

नि.क्रं.-1178/023/024


# वाहक जनित रोगों के उन्मूलन हेतु एम्स में हुई कार्यशाला

**भोपाल, देशबन्धु।** वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अतर्गत एम्स भोपाल के सहयोग से शासकीय एवं अशासकीय चिकित्सकों की कार्यशाला संपन्न हुई।

कार्यशाला में एम्स के निर्देशक डॉ. अजय सिंह ने कहा कि मलेरिया उन्मूलन के लिए सभी सेवा योजन वर्गों को आगे आना चाहिए। निजी चिकित्सकों का मलेरिया उन्मूलन के लिए बड़ा योगदान रहेगा। एम्स के डीन डॉ. राजेश मलिक ने भोपाल जिले द्वारा एम्स के सहयोग से कार्यशाला करने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की सराहना की। राज्य मलेरिया कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हिमांशु जायसवाल ने सभी के सहयोग एवं समय पर त्वरित जांच के की बात की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी ने समस्त चिकित्सकों से अपील की कि मलेरिया एवं डेंगू के ईलाज की जो गाइडलाइन भारत सरकार द्वारा निर्धारित की गई है उसका पालन कड़ाई से कराया जाए।

वहीं एम्स के सीएफएम विभाग के डॉ. राजकुमार पाटिल ने मलेरिया की भारत एवं मध्यप्रदेश में स्थिति पर प्रकाश डाला। मेडिसिन विभाग के डॉ. रजनीश जोशी द्वारा मलेरिया उपचार नीति वर्ष 2013 के विषय में चर्चा की। मेडिसिन विभाग की डॉ. सीमा पी मोहंती ने डेंगू के मरीज के प्रबंधन एवं ईलाज के दौरान की जाने वाली 10 प्रमुख गलतियां एवं ईलाज में रखी जाने वाली सावधानियों के विषय में बताया। सीएफएम विभाग के डॉ. अभिजीत पाखरे द्वारा वाहक जनित रोगों से बचाव एवं रोकथाम के विषय में बताया गया। कार्यशाला में एमएंडई सलाहकार श्रीमती भावना दुबे, कीट विज्ञान सलाहकार डॉ. सत्येंद्र पांडे, संभागीय कीट विज्ञानी डा मनमोहन महुलिया, मलेरिया निरीक्षक श्रीमती उर्मिला सिंह, राजेश भार्गव, राकेश सोनपुर उपस्थित रहे। इस अवसर पर फैमिली हेल्थ इंडिया की टीम द्वारा कैनोपी एवं सेल्फी स्टैंड द्वारा डेंगू मुक्त भोपाल हेतु संकल्प लेने हेतु प्रेरित किया गया।

## उर्दू पांडुलिपियां 15 तक आमंत्रित

**भोपाल, देशबन्धु।** उर्दू अकादमी संस्कृति परिषद द्वारा उर्दू पाण्डु लिपियों के प्रकाशन के लिए आर्थिक सहायता देने की योजना में प्रदेश के साहित्यकारों और शायरों से उर्दू पाण्डु लिपियाँ 15 अक्टूबर तक आमंत्रित की गई है। ये पाण्डुलिपियाँ मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी में जमा की जा सकेंगी। पांडुलिपि के साथ मध्यप्रदेश के मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से लगाया जाना होगा।

## जिला स्तरीय एमसीएमसी का गठन

**भोपाल, देशबन्धु।** आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए निर्वाचन के लिए जिला स्तरीय एमसीएमसी एवं मीडिया सर्टिफिकेशन एण्ड मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया गया है। समिति में जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला आशीष सिंह अध्यक्ष, प्रकाश सिंह चौहान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सदस्य, आदित्य जैन अनुविभागीय अधिकारी बैरागढ़, सदस्य, श्री बद्रीप्रसाद खैलवार सहायक जिला सूचना अधिकारी सदस्य, अनिल सोनी, सहायक संचालक पिछड़ा अल्पसंख्यक कल्याण सदस्य, संजीव शर्मा, राज्य संवाददाता एवं समाचार प्रमुख आल इंडिया रेडियो आकाशवाणी सदस्य, रामकृष्ण पवार ईएमएस समाचार संपादक स्टेट ब्यूरो सदस्य, अरूण शर्मा सहायक संचालक संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय सदस्य सचिव एवं सुदीप मिश्रा संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय सदस्य नामांकित किया गया हैं।


## कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति भैंसदेही जिला बैतूल

क्रमांक/मंडी/केंटिन/2023-24/190 भैंसदेही दिनांक 05.10.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसंबंधितों को सूचित किया जाता है कि कृषक भोजनालय/केंटिन संचालन एक वर्ष की कालावधि के लिये सील बंद निविदाएं दिनांक 17.10.2023 तक स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड डाक से समय दोपहर बाद 02.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 13.10.2023 तक कार्यालयीन समय में (अवकाश दिवस छोड़कर) निविदा प्रपत्र का मूल्य 1000/- रुपये नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है, निविदा के साथ धरोहर राशि रुपये 25000/- की बैंक एफ.डी.आर./आर.टी.जी.एस. जो सचिव कृषि उपज मंडी समिति भैंसदेही के नाम देय होंगी, जमा करना अनिवार्य होंगा। उक्त कृषक भोजनालय/केंटिन संचालन संबंधी अनुभव प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होंगा।

निविदाए दिनांक 17.10.2023 को उपस्थित निविदाकारों/संबंधित प्रतिनिधियों के समक्ष समय दोपहर 03.00 बजे खोली जावेंगी। अन्य शर्तो की जानकारी कार्यालयीन कार्य दिवसों में देखी जा सकती है।

**सचिव** — **कृषि उपज मंडी समिति भैंसदेही**
**भारसाधक अधिकारी** — **कृषि उपज मंडी समिति भैंसदेही**



## कार्यालय पटवारी ह.नं. 78 संत हिरदारामनगर (बैरागढ) भोपाल

कमांक/क्यू/प.ह.नं./2003 भोपाल दिनांक 04.10.2003

**बटान बाबत् सूचना पत्र**

प्रति,

1. श्री विकास मंगल रामेश्वर अग्रवाल चंदशेखर अग्रवाल पुत्रगण रामचन्द्र अग्रवाल 2. समस्त हितबद्ध पक्षकार मेढ पडोसी आवेदित भूखण्ड 3. श्रीमती गायत्री अग्निहोत्री पत्नी डॉ. अनीसउर रहमान सिद्दीकी वगैरह निवासी 113 रिवेरा टाउनशिप भोपाल 4. भगवान सिंह आत्मज छीबर प्रसाद निवासी ग्रामगोदर मऊ 5. अविनाश अग्रवाल आ. बद्रीप्रसाद अग्रवाल नि. 39 काजीपुरा भोपाल 6. श्रीमती वर्षा नेमा पत्नी सुरेन्द्र नेमा नि. 27 भगत सिंह वार्ड खुरई 7. आयशा फातमा पत्नी अमीन अहमद नि. 6/1 कृष्णा कालोनी भोपाल

उपरोक्त विषयांतर्गत संबधं में माननीय न्यायालय तहसीलदार संत हिरादाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के आदेश पत्रिका दिनांक 03.10.23 के अनुसार मुझे आवेदक विकास मंगल पुत्र रामचन्द्र अग्रवाल निवासी इब्राहिमपुरा भोपाल की भूमि खसरा क्रमांक 53/2/1/4/6, 54/1, 69/2, 56 रकबा 0.1210 हे. स्थित ग्राम गोदरमऊ राजस्व निरीक्षक वृत्त क्रमांक 09 संत हिरदाराम नगर बैरागढ तहसील हुजूर जिला भोपाल का बटान कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करके आदेश प्रदान किये गये है ।

अत: उक्त आदेश के पालन मेरे द्वारा दिनांक 09/10/2023 को समय दोपहर 01: 00 बजे से बटान हेतु मौका स्थल निरीक्षण एवं टीएसएम मशील से मौका उठाने का कार्य किया जायेगा, तत्पश्चात् बटान बनायी जाएगी । आपको पडोसी कृषक/हितबद्ध पक्षकार होने के कारण सूचित किया जाता है कि आप भी बटान को संनिर्मित की कार्यवाही समय भूमि स्वामित्व संबंधी दस्तावेजों सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष रख सकते हैं । आवेदक मौके पर मूल रजिस्टर्ड विक्रयपत्र सहित उपस्थित रहे। आपकी अनुपस्थिति की दशा में बटान की कार्यवाही स्थगित नहीं की जावेगी।

**प.ह.नं. 78**
**संत हिरदारामनगर ( बैरागढ ) भोपाल**


# न्यूज़क्लिक पर हो रही कार्यवाही दुर्भावनापूर्ण

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रेस की आज़ादी पर लगातार बढ़ते हमलों और दुष्प्रचार कर न्यूज़क्लिक जैसे देश के जानेमाने मीडिया संस्थान से जुड़े कुल 46 लोगों से दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में 50 से अधिक जगहों पर असंवैधानिक तरीकों से पूछताछ करने और उनके डिजिटल उपकरणों को ज़ब्त कर लिए जाने जैसी घृणित कार्यवाहियों पर मध्यप्रदेश भारत ज्ञान विज्ञान समिति ने तीखा विरोध जताया है।

उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दो दिन पहले न्यूज़क्लिक के दिल्ली स्थित कार्यालय को सील कर दिया गया और इसके संस्थापक व प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और मानव संसाधन विभाग के प्रमुख अमित चक्रवर्ती को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया । इन दोनों को ग़ैरक़ानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) की धाराओं के तहत झूठे आरोप लगाते हुए गिरफ्तार किया गया है। मप्र भारत ज्ञान विज्ञान के राज्य कार्यकारिणी के अध्यक्ष श्याम बौहरे ने बताया कि केंद्र सरकार के इशारे पर की गई ये कार्यवाही सरकार की रीति नीतियों पर सवाल उठाने वाले मीडिया संस्थानों को प्रताड़ित करते हुए उनका मुंह बंद करने के घृणित प्रयास हैं। मध्यप्रदेश भारत ज्ञान विज्ञान समिति के प्रमोद मिश्रा ने बताया कि न्यूज़क्लिक व उससे जुड़े देश के वरिष्ठ पत्रकारों के ख़िलाफ़ जारी दमनात्मक कार्यवाही से पूरा देश हतप्रभ है । जबकि न्यूज़क्लिक के मामले में किसी के पास ऐसा एक भी साक्ष्य नहीं हैं जो यह साबित करे कि न्यूज़क्लिक ने देश से गद्दारी की है और चीन को सहयोग किया है। समिति ऐसी दमनात्मक कार्रवाई का विरोध करते हुए, प्रेस की आज़ादी को अक्षुण्ण रखे जाने की हिमायत करती है और इस तरह की दुर्भावनापूर्ण हमलों के ख़िलाफ़ लोगों से आगे आकर विरोध जताने की अपील करती है।

भोपाल, शुक्रवार 6 अक्टूबर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# इन गिरफ्तारियों के संकेत साफ हैं

देश में सरकार विरोधी लोगों की गिरफ्तारियों का सिलसिला जारी है। एक ओर तो आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है, तो वहीं दूसरी तरफ ऑनलाइन न्यूज़ पोर्टल 'न्यूज़क्लिक' के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ को सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। उन्हें पोर्टल के एचआर प्रमुख अमित चक्रवर्ती के साथ पुलिस कस्टडी में सौंपा गया है जहां हफ्ते भर दोनों से पूछताछ होगी। आप से राज्यसभा के सदस्य संजय सिंह को दिल्ली सरकार के कथित शराब घोटाले में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया है तो न्यूज़क्लिक पर आरोप है कि उसने चीन के समर्थन में प्रचार करने के लिये धन लिया है। आप पार्टी के दो वरिष्ठ मंत्री शराब मामले में पहले से जेल में हैं- उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आबकारी मंत्री सत्येन्द्र जैन। दोनों पर शराब नीति में फेरबदल कर घूस लेने के आरोप हैं। इसी की कड़ी के रूप में संजय सिंह को प्रवर्तन निदेशालय ने करीब 10 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को पुरकायस्थ एवं चक्रवर्ती के अलावा और भी कई प्रतिष्ठित पत्रकारों को पुलिस ने पूछताछ के लिये बुलाया था। उनमें से कई के लैपटॉप व मोबाइल जब्त कर लिये गये थे। इनमें उर्मिलेश, अनिंद्य चक्रवर्ती, परंजॉय गुहा ठाकुरता, अभिसार शर्मा तो थे ही, इतिहासकार सोहेल हाशमी, व्यंग्यकार संजय राजौरा एवं सेंटर फॉर टेक्नालॉजी एंड डेवलपमेंट के डी रघुनंदन शामिल हैं। पूछताछ के बाद दोनों के अलावा अन्य को जाने दिया गया। ऐसे ही, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी के भतीजे अभिषेक बैनर्जी को कई पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ दिल्ली में उस समय गिरफ्तार किया गया जब वे कृषि भवन के बाहर धरना दे रहे थे। उनसे पहले ही कथित कोयला घोटाले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय कई बार पूछताछ कर चुकी है। यह भी माना जाता है कि उन पर भी गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है।

कहने को तो ये सारे मामले अलग-अलग हैं लेकिन राजनैतिक रूप से देखें तो साफ हो जाता है कि इनका आपस में सूक्ष्म सम्बन्ध है। संजय सिंह एक बेहद मुखर सांसद हैं जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी सरकार के कट्टर आलोचकों में से एक माने जाते हैं। प्रभावशाली वक्ता होने एवं निडरता से अपनी बात रखने वाले संजय पर आरोप है कि शराब घोटाले के एक आरोपी बिचौलिये दिनेश अरोरा से उन्होंने दिल्ली के बार व रेस्त्रां मालिकों से उनकी पार्टी के लिये धन जुटाने को कहा था। अरोड़ा ने 82 लाख रुपये का चेक भी दिया था। उल्लेखनीय है कि संजय सिंह ने संसद में मोदी के मित्र कहे जाने वाले देश के प्रमुख कारोबारी गौतम अदानी के खिलाफ जोर-शोर से आवाज़ उठाई थी। ऐसे ही, अयोध्या के रामजन्मभूमि परिक्षेत्र में कथित जमीन घोटाले का भी संजय सिंह ने बहुत दमदारी से पर्दाफाश किया था। उस वक्त भाजपा के साथ मंदिर ट्रस्ट की बहुत भद्द पिटी थी। तभी से वे भाजपा की आंखों को खटक रहे थे।

पुरकायस्थ की बात करें तो न्यूज़क्लिक को एक निर्भीक पोर्टल के रूप में जाना जाता है जिसकी उन्होंने स्थापना की थी। वे देश के बहुत प्रतिष्ठित व साहसी पत्रकारों में से एक माने जाते हैं। सरकार से सवाल करने के कारण उनके प्रति भी केन्द्र सरकार व भाजपा की नाराज़गी स्वाभाविक है। इतना ही नहीं, जिन पत्रकारों को पूछताछ के लिये बुलाया गया था, वे सारे अपने सरकार विरोधी रवैये के कारण जाने जाते हैं जो जनपक्षधरता की पत्रकारिता करते हैं और सरकार के लोकतंत्र विरोधी कदमों का पुरज़ोर विरोध करते हैं। सरकार से सवाल करना अपना पेशागत धर्म मानने वाले ये पत्रकार शासकीय कार्रवाई की जद से बाहर निकल गये हैं- ऐसा मानने वाले गलत साबित हो सकते हैं।

अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज़ को दबाने की आदी मोदी सरकार का यह रवैया वैसा ही है जैसा कि पूरा देश पिछले 9 वर्षों से प्रत्यक्ष देख रहा है। संसद के बाहर हो या भीतर, विरोधी दलों के नेताओं पर अपनी जांच एजेंसियों- प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) तथा आयकर विभाग (आईटी) के छापे डलवाना तथा आधे-अधूरे आरोपों के आधार पर या बेवजह उन्हें गिरफ्तार करना मोदी सरकार की नीति और कार्यपद्धति में शामिल हो चुका है। अनेक प्रतिपक्षी नेता जेलों में बन्द हैं या विभिन्न आरोपों से सम्बन्धित पूछताछ से गुजर रहे हैं जिन पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। जिन सांसदों को वह गिरफ्तार नहीं कर पाती उन्हें सदन से निलम्बित करना, उनकी आवाज को म्यूट कर देना अथवा उनके वाक्यांशों को कार्रवाई से निकाल देना मोदी सरकार के उपकरण हैं जो पूर्णत: अलोकतांत्रिक हैं। स्वयं संजय सिंह को पिछली बार पूरे सत्र के लिये निलम्बित कर दिया गया था जिसके कारण उन्हें संसद परिसर में ही गांधी प्रतिमा के पास धरना देना पड़ा था। टीएमसी के ही डेरेक ओ ब्रायन भी निलम्बन झेल चुके हैं। गुजरात की एक कोर्ट द्वारा अवमानना के आरोप में हुई सजा के बाद राहुल गांधी की सदस्यता छीनी गयी थी। लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी भी निलम्बित हुए थे।

जहां तक पत्रकारों की गिरफ्तारी की बात है, कई भाजपा शासित राज्यों में अनेक पत्रकार इसलिये जेलों में बन्द हैं क्योंकि उन्होंने सरकारी की खामियां उजागर कर दी थीं। ये बड़े ओहदों पर बैठे पत्रकार नहीं हैं लेकिन अब जैसे बड़े पत्रकारों के खिलाफ कार्रवाई हुई है उसके संकेत साफ हैं कि भाजपा, उसकी सरकारों या मोदी के खिलाफ उठने वाली हर आवाज़ को चुप कराया जायेगा।

# अभिव्यक्ति की आज़ादी पर लगता पूर्णग्रहण

अभिव्यक्ति की आज़ादी पर ग्रहण तो पहले से ही था, अब पूर्णग्रहण ही लग गया है। पत्रकारों की आवाज़ें दबाई नहीं जा रहीं, सीधे गले ही घोंटे जा रहे हैं। उन्हें 'देशद्रोही' कहा जा रहा है क्योंकि वे वैसा लिख-बोल नहीं रहे हैं, जैसा सरकार चाहती है। सरकार से अलग सोचना अब देशद्रोही हो जाना है। पत्रकार या नागरिक अलग सोच सकते हैं-यह समझ किसी भी लोकतान्त्रिक सरकार को उसी दिन से होती है जिस दिन वह चुनकर आई होती है। उसे पता होता है कि जो जनसमर्थन आज उसके लिए जुटा है वह कल किसी और के लिए था, तो कल किसी और के लिए जुटेगा। आखिर क्यों इस सरकार का भरोसा उन मतदाताओं पर से ही डिग रहा है जिन्होंने इसे चुना था। लोकतंत्र में डम-डम डिगा-डिगा का राग कब हमेशा किसी एक के लिए बजता रहा है? नौ साल पहले ये ही पत्रकार आज़ादी के पैरोकार और 1975 के आपातकाल में तो पूजनीय थे। अब वे देशद्रोही हो गए हैं। इस अविश्वास की वजह क्या है? प्रधान सेवक बनते-बनते यह तानाशाह का राजदंड भला क्यों हाथ में ले लिया गया है? क्या महान पूर्ववर्तियों को इस बात का आभास पहले ही था जो उन्होंने कह दिया था कि राजधर्म का पालन नहीं हुआ है। आज पत्रकार गिरफ्तार हो रहा है और विपक्ष जेल में ठूंसा जा रहा है।

लगभग 46 पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं न्यूज़ क्लिक पोर्टल के कर्मचारियों के घरों पर मंगलवार को पुलिस ने छापे मारे। ये पत्रकार मुख्य धारा में नहीं बल्कि वैकल्पिक मीडिया के ज़रिये अपनी पत्रकारिता कर रहे थे। बुधवार को न्यूज़ क्लिक न्यूज़ पोर्टल के संस्थापकों को सात दिन की पुलिस रिमांड पर ले लिया गया था।

क्या वाकई वैकल्पिक मीडिया इतना शक्तिशाली हो गया है कि सरकार को लगता है कि मतदाता इससे प्रभावित हो रहा है? खुद प्रधानमंत्री ने भी पिछले दिनों यू ट्यूब पर खुद को सब्सक्राइब करने की अपील की है। क्या इस माध्यम को भी टीवी न्यूज़ चैनलों की तरह एकतरफ़ा मोड में लाने की कोशिश है क्योंकि मंगलवार को न्यूज़ क्लिक पोर्टल के संस्थापकों के साथ ही उसके लिए कंटेंट देने वाले यू ट्यूबर्स से भी गहरी पूछताछ की गई। उनसे पूछा गया कि क्या आप शाहीन बाग़ गए थे, क्या आपने दिल्ली दंगों और किसान आंदोलन को कवर किया है? क्या आप जेएनयू संघर्ष के समय वहां थे?

सब जानते हैं कि ये तमाम मसले सरकार के गृह मंत्रालय की नाक में दम कर देने वाले रहे थे। शाहीन बाग़ में आंदोलन कर रही महिलाओं को उठाने के लिए सरकार के मंत्रियों ने अपशब्दों और फिर बल के प्रयोग का समर्थन किया जो अंत में दिल्ली के दंगों की आग में बदल गया। किसान आंदोलन के समय बरसों बाद फिर से खालिस्तानी लफ्ज़ का इस्तेमाल हुआ जो अब वास्तव में बार-बार दोहराए जाने से विदेशी धरती पर खाद-पानी पा गया लगता है। पत्रकारों की इस गिरफ़्तारी और पूछताछ का आधार चीन से मिले पैसों को बनाया गया है जिसे नकारते हुए पत्रकार अभिसार शर्मा ने कहा कि मैंने ऐसा एक भी कार्यक्रम नहीं बनाया है जिसमें चीन का प्रोपेगेंडा हो। उलटे, मैंने सरकार से ये सवाल ज़रूर किये थे कि सीमा पर हमारे 20 सैनिक क्यों शहीद हुए। पत्रकार ने यह भी साफ़ किया कि मेरी जो भी कमाई है वह मेरे बैंक ट्रांज़िशन का हिस्सा है। छूटने के बाद पत्रकार के कार्यक्रम को साढ़े 12 लाख लोग देख चुके हैं जिसमें उन्होंने कहा कि मेरे बच्चे पुलिस की इस स्पेशल सेल के छापे के समय स्कूल जा रहे थे फिर भी मैं हर सवाल का जवाब दूंगा लेकिन सरकार से सवाल पूछना बंद नहीं करने वाला हूं।



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

> वैकल्पिक मीडिया इतना शक्तिशाली हो गया है कि सरकार को लगता है कि मतदाता इससे प्रभावित हो रहा है? खुद प्रधानमंत्री ने भी पिछले दिनों यू ट्यूब पर खुद को सब्सक्राइब करने की अपील की है। क्या इस माध्यम को भी टीवी न्यूज़ चैनलों की तरह एकतरफ़ा मोड में लाने की कोशिश है क्योंकि मंगलवार को न्यूज़ क्लिक पोर्टल के संस्थापकों के साथ ही उसके लिए कंटेंट देने वाले यू ट्यूबर्स से भी गहरी पूछताछ की गई।

चीन से कनेक्शन अगर पत्रकारों की अभिव्यक्ति को दबाने का आधार है तो फिर अपने पहले कार्यकाल में चीनी राष्ट्रपति के बेहद नज़दीक जाते हुए देश ने अपने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी देखा है। गुजरात में झूला झूलते (2016) हुए और महाबलीपुरम (2019) में उनके टूरिस्ट गाइड हमारे प्रधानमंत्री ही थे। प्रधानमंत्री ने दक्षिण भारतीय वेशभूषा वेष्टि धारण की थी और चैन्नई से महाबलीपुरम तक बड़े-बड़े पोस्टर चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव शी जिनपिंग के थे। देश को उम्मीद थी कि हमारे लोकप्रिय और काबिल प्रधानमंत्री 1962 के युद्ध की तकलीफ़ और विभीषिका को धो देंगे लेकिन चीन धोखेबाज़ निकला। भारत की बेहतरीन मेज़बानी के बावजूद उसने गालवान घाटी में हमारे सैनिकों पर हमला किया। कूटनीतिक रिश्तों में ऐसे मंज़र आते हैं लेकिन देश ने कभी कटघरे में खड़ा करते हुए यह नहीं कहा कि चीन को समझने में आप से भूल क्यों हुई? जबकि देश पहले भी धोखा खा चुका है। अब चीन के नाम पर पत्रकारों को डराया जा रहा है।

ये सभी वे पत्रकार हैं जो सरकार से सवाल करते हैं। न्यूज़ पोर्टल और पत्रकारों पर दिल्ली पुलिस ने यूएपीए के तहत मुकदमा दर्ज़ किया है जिसमें ज़मानत लगभग नामुमकिन है। न्यूज़ क्लिक पर एफआईआर जो एक पुलिस इंस्पेक्टर की ही है, उसमें आरोप है कि यह कश्मीर को भारत के नक्शे से मिटाना चाहते हैं, चीन से पैसे लेते हैं, भारत की एकता और अखंडता को ख़त्म करना चाहते हैं और अरुणाचल प्रदेश को विवादित क्षेत्र बताना चाहते हैं। न्यूज़ क्लिक ने इन आरोपों से इंकार करते हुए कहा है कि सारी फंडिंग बैंकों के ज़रिये हुई है लेकिन जिस आधार पर हमसे पूछताछ हुई है उसका आधार दिल्ली दंगे और किसान आंदोलन है जिससे मंतव्य समझा जा सकता है। हमें कोर्ट और न्यायिक प्रक्रिया पर पूरा भरोसा है।

ये सभी अनुभवी पत्रकार हैं जो कभी प्रभावी मीडिया चैनलों का हिस्सा रहे हैं। वरिष्ठ पत्रकार उर्मिलेश ने आपातकाल में भी अपनी आवाज़ बुलंद की थी। भाषा सिंह, परंजॉय गुहा ठाकुरता, अनिंद्यो चक्रवर्ती भी मुखर पत्रकारिता करते आए हैं। अब पत्रकार यह मानने लगे हैं कि उन पर दबाव का सिलसिला और बढ़ने वाला है। सत्ता आधी रात को जगा कर उनके फ़ोन, लैपटॉप जब्त कर सकती है। एक डरी हुई सरकार ने भी आपातकाल लगाकर पत्रकारों को जेल में डाला था। तानाशाह को आज़ाद आवाज़ें पसंद नहीं आतीं। पता नहीं कैसे संत कबीर लिख पाए और महात्मा गांधी ने स्वराज ला दिया। महात्मा गांधी 'यंग इंडिया', 'नवजीवन' में गोरी सत्ता के ख़िलाफ़ लगातार लिखते रहे। आज प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में हम 180 देशों के बीच 161 वें स्थान पर हैं। केरल के पत्रकार सिद्दीक कप्पन उत्तर प्रदेश में 27 महीनों की जेल काटकर ज़मानत पर इसी साल छूटे हैं। उन्हें भी यूएपीए के तहत गिरफ्तार किया गया था, मानों वे कोई आतंकवादी हों। वे दलित लड़की के साथ हुए बलात्कार केस की रिपोर्टिंग के सिलसिले में हाथरस गए थे। जेल में उन्हें दो बार कोविड हुआ और जब अस्पताल में दाख़िल कराया गया तब स्टाफ के एक अधिकारी ने कहा कि 'यह आतंकवादी है'। पांच दिनों तक उन्हें टॉयलेट जाने से रोका गया और हाथों को हथकड़ियों से बांधकर इलाज किया गया।

मणिपुर के पत्रकार किशोरचंद्र वांगकेम को देशद्रोह के आरोप में सलाखों के पीछे डाल दिया गया था। अपराध था मणिपुर सरकार की आलोचना। तब भी मुख्यमंत्री बिरेन सिंह मणिपुर में भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री थे। पत्रकार का गुनाह यह था कि राज्य में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के जन्मोत्सव को मनाए जाने के खिलाफ पोस्ट लिखी थी। दो छोटे बच्चों की मां और पत्रकार किशोर की पत्नी रंजीता ने यह लड़ाई लड़ी और बमुश्किल पति के लिए ज़मानत हासिल की।

साल 2019 में ही उत्तर प्रदेश में मिड डे मील में नमक-रोटी परोसे जाने को लेकर पत्रकार पवन जायसवाल के ख़िलाफ़ मुकदमा दर्ज किया गया। यह मिर्ज़ापुर की घटना थी। प्रेस कॉउंसिल के दखल के बाद पुलिस ने पत्रकार का नाम हटा दिया लेकिन बाद में इस युवा पत्रकार की कैंसर से मौत हो गई। बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री 'इंडिया : द मोदी क्वेश्चन' से भी सरकार खासी ख़फ़ा रही। आयकर विभाग की कार्रवाई दंडित करने की मंशा से हुई। इसे 'भ्रष्ट और बकवास कॉरपोरेशन' भी कहा गया।

अमेरिकी चिंतक और आलोचक नॉम चोम्स्की ने कहा है कि जिनसे हम नफ़रत भी करते हैं और उनकी अभिव्यक्ति की आज़ादी में यकीन नहीं करते तो यकीनन हम अभिव्यक्ति की आज़ादी में भी यकीन नहीं करते। मशहूर दार्शनिक वाल्तेयर भी कह गए हैं कि हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत ना हो पाऊं लेकिन विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करुंगा। बेशक यह हमारा बुनियादी संवैधानिक हक़ है जिसे इन दिनों छीना जा रहा है। एडिटर्स गिल्ड ऑफ़ इंडिया ने इन गिरफ़्तारियों का विरोध किया है।

देश में पत्रकारों के 16 संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ से गुहार लगाई है कि आप ही हमारी अंतिम उम्मीद हैं और एक एसओएस संदेश दिया है 'सेव अवर सोल', यानी हमारी आत्मा की रक्षा कीजिये! अच्छी बात यह है कि पत्रकारों का हौसला अब भी बना हुआ है। वे गजानन माधव मुक्तिबोध की कविता की इन पंक्तियों से भी प्रेरणा लेते हैं-

अब अभिव्यक्ति के सारे खतरे
उठाने ही होंगे।
तोड़ने होंगे ही मठ और गढ़ सब।

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# न्यूज़क्लिक पर छापेमारी स्वतंत्र मीडिया को डराने-धमकाने की नीति का हिस्सा

■ के रवीन्द्रन

न्यूज़ क्लिक में पत्रकारों के खिलाफ आतंकवादी कानूनों का उपयोग नरेंद्र मोदी सरकार के इस इरादे को बहुत स्पष्ट करता है: स्वतंत्र मीडिया संगठनों को आतंकित करना जो देश में हावी गोदी मीडिया परिदृश्य से अलग स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से काम करते हैं। जैसा कि प्रतीत होता है, सरकार को महसूस करती है कि जो थोड़े से स्वतंत्र मीडिया संगठन उसके प्रभाव के दायरे से बाहर हैं, उन्हें भी काम करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है, विशेषकर ऐसे समय में जब जाति जनगणना और सामाजिक न्याय के पुन: दावे के साथ-साथ इंडिया गठबंधन के तहत एकीकृत विपक्ष के उद्भव ने उसके लिए नये खतरे उपस्थित कर दिये हैं, और आगामी चुनावों के लिहाज से केन्द्र की भाजपा सरकार लगातार कमजोर होती दिख रही है।

न्यूज़क्लिक के ख़िलाफ़ मामला, जो 2021 से लंबित है, मुख्य रूप से कथित मनीलॉन्ड्रिंग के बारे में है और मनीलॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मुकदमा भी चलाया जा रहा है। आरोपों में शेयरों का अधिक मूल्यांकन, फंड का डायवर्सन और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों का उल्लंघन शामिल है। पोर्टल और संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ ने प्रवर्तन निदेशालय को उनके खिलाफ 'जबरन कार्रवाई' से रोकने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय का आदेश भी प्राप्त कर लिया था। लेकिन इस साल अगस्त में, ईडी ने आरोपियों को सुरक्षा देने के अपने पहले के आदेश को रद्द करने के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया। पोर्टल के खिलाफ आर्थिक अपराध शाखा के आपराधिक मामले को रद्द करने की न्यूज़ क्लिक की याचिका पर अदालत ने अभी तक अपना फैसला नहीं सुनाया है। लेकिन सरकार ने अब न केवल संगठन बल्कि उसके पदाधिकारियों के खिलाफ भी आतंकवाद के आरोप लगाये हैं।

> छापों की तीव्रता और नाटकीयता से यह स्पष्ट हो जाता है कि यह विचार डराने-धमकाने का है। कर्मचारियों के साझा आवासों सहित 30 स्थानों पर तलाशी ली गई और उनके कम्प्यूटर और मोबाइल फोन जब्त किये गये। ये छापे आईएसआईएस और हाल ही में पीएफआई जैसे गैरकानूनी आतंकवादी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई की याद दिलाते हैं। इस बार भी आरोप वैसे ही हैं जैसे पीएमएलए के मामले में थे, जैसे देशद्रोह।

छापों की तीव्रता और नाटकीयता से यह स्पष्ट हो जाता है कि यह विचार डराने-धमकाने का है। कर्मचारियों के साझा आवासों सहित 30 स्थानों पर तलाशी ली गई और उनके कम्प्यूटर और मोबाइल फोन जब्त किये गये। ये छापे आईएसआईएस और हाल ही में पीएफआई जैसे गैरकानूनी आतंकवादी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई की याद दिलाते हैं। इस बार भी आरोप वैसे ही हैं जैसे पीएमएलए के मामले में थे, जैसे देशद्रोह।

2014 में मोदी के सत्ता संभालने के बाद से छापे के पैटर्न स्पष्ट रूप से सामने आ गये हैं। इस साल फरवरी में, प्रधानमंत्री की आलोचना करने वाली एक डॉक्यूमेंट्री की रिलीज के मद्देनजर बीबीसी के परिसरों पर छापे मारे गये थे। इसी तरह की कार्रवाई मोदी सरकार की आलोचना करने वाली अन्य मीडिया इकाइयों जैसे द क्विंट और द वायर के खिलाफ भी की गई है। 2021 में, आयकर अधिकारियों ने सरकार की कोविड महामारी से निपटने में कमियों की आलोचना करने के लिए, देश के अग्रणी और प्रभावशाली समाचार पत्र समूहों में से एक, दैनिक भास्कर के मामलों की जांच भी शुरू की थी।

हिसाब बराबर करने के लिए प्रवर्तन महानिदेशालय और जांच एजेंसियों का दुरुपयोग न्यायपालिका के ध्यान से बच नहीं पाया है, जो हाल ही में समस्या के बारे में तेजी से मुखर रही है। सर्वोच्च न्यायालय की तीन सदस्यीय पीठ केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के बारे में आलोचकों द्वारा उठाये गये सभी मुद्दों की जांच करने के लिए तैयार है। यह महज संयोग नहीं हो सकता है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस तरह के दुरुपयोग के खिलाफ खुद को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है, जिससे यह जानकारी मिलती है कि अदालत आने वाले दिनों में इस समस्या से कैसे निपटें उसकी योजना बना रही है।

भले ही पुरकायस्थ और उनके एचआर मैनेजर से ईडी की हिरासत में पूछताछ चल रही है, लेकिन मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में इसी तरह की दो गिरफ्तारियां रद्द करने के बाद एजेंसी को सर्वोच्च न्यायालय की फटकार का सामना करना पड़ रहा है। अदालत ने कहा कि प्रवर्तन महानिदेशालय प्रतिशोधात्मक तरीके से व्यवहार नहीं कर सकता और उसे उच्चतम स्तर की निष्पक्षता के साथ काम करते हुए दिखना चाहिए।

सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक फैसले में कहा, 'ईडी की हर कार्रवाई पारदर्शी, संदेह से ऊपर और कार्रवाई में निष्पक्षता के प्राचीन मानकों के अनुरूप होने की उम्मीद की जाती है।' गुरुग्रम के एम3एम ग्रुप के निदेशकों- बसंत बंसल तथा पंकज बंसल ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया था, जिसने जून में जमानत के उनके अनुरोध को खारिज कर दिया था।

अदालत ने कहा कि इस मामले में, तथ्यों से पता चलता है कि जांच एजेंसी 'अपने कार्यों का निर्वहन करने और अपनी शक्तियों का प्रयोग करने में विफल' रही। न्यायाधीशों ने कहा, 'ईडी से अपने आचरण में प्रतिशोधपूर्ण होने की उम्मीद नहीं की जाती है और उसे अत्यंत ईमानदारी और उच्चतम स्तर की निष्पक्षता और निष्पक्षता के साथ कार्य करते हुए देखा जाना चाहिए।' उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी के लिए पर्याप्त आधार होना चाहिए।

न्यायाधीशों ने कहा कि ईडी को यह विश्वास करने के लिए विशेष रूप से कारण ढूंढना होगा कि आरोपी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अपराध के दोषी हैं और सम्मन के जवाब में केवल असहयोग किसी को भी गिरफ्तार करने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। अदालत ने कहा, 'पूछताछ के लिए बुलाये गये व्यक्ति से अपराध स्वीकार करने की उम्मीद करना ईडी के लिए समुचित नहीं है।'

## पावन प्रसंग

# 'श्राद्ध' पितरों का पर्व

'श्रद्धया दीयते यत् तत् श्राद्धम्।'

'श्राद्ध' का वास्तविक अर्थ है कि जो कुछ भी दिया जाए श्रद्धा से दिया जाय। पितरों के लिए श्रद्धापूर्वक किए गए पदार्थ-दान (हविष्यान्न, तिल, कुश, जल के दान) का नाम ही श्राद्ध है। श्राद्धकर्म पितृऋण चुकाने का सरल व सहज मार्ग है। पितृपक्ष में श्राद्ध करने से पितरगण वर्षभर प्रसन्न रहते हैं।

श्राद्ध-कर्म से व्यक्ति केवल अपने सगे-सम्बन्धियों को ही नहीं, बल्कि ब्रह्मा से लेकर तृणपर्यन्त सभी प्राणियों व जगत को तृप्त करता है। पितरों की पूजा को साक्षात विष्णुपूजा ही माना गया है। प्राय: कुछ लोग यह शंका करते हैं कि श्राद्ध में समर्पित की गईं वस्तुएं पितरों को कैसे मिलती है? कर्मों की भिन्नता के कारण मरने के बाद गतियां भी भिन्न-भिन्न होती हैं जैसे कि कोई देवता, कोई पितर, कोई प्रेत, कोई हाथी, कोई चींटी, कोई वृक्ष और कोई तृण बन जाता है। तब मन में यह शंका होती है कि छोटे से पिण्ड से अलग-अलग योनियों में पितरों को तृप्ति कैसे मिलती है? इस शंका का स्कन्दपुराण में बहुत सुन्दर समाधान मिलता है।

एक बार राजा करन्धम ने महायोगी महाकाल से पूछा कि, मनुष्यों द्वारा पितरों के लिए जो तर्पण या पिण्डदान किया जाता है तो वह जल, पिण्ड आदि तो यहीं रह जाता है फिर पितरों के पास वे वस्तुएं कैसे पहुंचती हैं और कैसे पितरों को तृप्ति होती है?

भगवान महाकाल ने बताया कि, विश्वश्वनियन्ता ने ऐसी व्यवस्था कर रखी है कि श्राद्ध की सामग्री उनके अनुरुप होकर पितरों के पास पहुंचती है। इस व्यवस्था के अधिपति हैं 'अग्निष्वात'। पितरों और देवताओं की योनि ऐसी है कि वे दूर से कही हुई बातें सुन लेते हैं, दूर की पूजा ग्रहण कर लेते हैं और दूर से कही गई स्तुतियों से ही प्रसन्न हो जाते हैं। वे भूत, भविष्य व वर्तमान सब जानते हैं और सभी जगह पहुंच सकते हैं। पांच तन्मात्राएं, मन, बुद्धि, अहंकार और प्रकृति, इन नौ तत्वों से उनका शरीर बना होता है और इसके भीतर दसवें तत्व के रूप में साक्षात भगवान पुरुषोत्तम उसमें निवास करते हैं। इसलिए देवता और पितर गन्ध व रसतत्व से तृप्त होते हैं। शब्दतत्व से रहते हैं और स्पर्शतत्व को ग्रहण करते हैं। पवित्रता से ही वे प्रसन्न होते हैं और वर देते हैं।

जैसे मनुष्यों का आहार अन्न है, पशुओं का आहार तृण है, वैसे ही पितरों का आहार अन्न का सार-तत्व (गंध और रस) है। अत: वे अन्न व जल का सारतत्व ही ग्रहण करते हैं। शेष जो स्थूल वस्तु है, वह यहीं रह जाती है।

नाम व गोत्र के उच्चारण के साथ जो अन्न-जल आदि पितरों को दिया जाता है, विश्वेदेव एवं अग्निष्वात (दिव्य पितर) हव्य-कव्य को पितरों तक पहुंचा देते हैं। यदि पितर देवयोनि को प्राप्त हुए हैं तो यहां दिया गया अन्न उन्हें 'अमृत' होकर प्राप्त होता है। यदि गन्धर्व बन गए हैं तो वह अन्न उन्हें भोगों के रूप में प्राप्त होता है। यदि पशुयोनि में हैं तो वह अन्न तृण के रूप में प्राप्त होता है। नागयोनि में वायुरूप से, यक्षयोनि में पानरूप से, राक्षसयोनि में आमिषरूप में, दानवयोनि में मांसरूप में, प्रेतयोनि में रुधिर रूप में और मनुष्य बन जाने पर भोगने योग्य तृप्तिकारक पदार्थों के रूप में प्राप्त होता हैं।

जिस प्रकार बछड़ा झुण्ड में अपनी मां को ढूंढ़ ही लेता है, उसी प्रकार नाम, गोत्र, हृदय की भक्ति एवं देश-काल आदि के सहारे दिए गए पदार्थों को मन्त्र पितरों के पास पहुंचा देते हैं। जीव चाहें सैकड़ों योनियों को भी पार क्यों न कर गया हो, तृप्ति तो उसके पास पहुंच ही जाती है। श्राद्ध से बढ़कर और कोई कल्याणकारी कार्य नहीं है और वंशवृद्धि के लिए तो पितरों की आराधना ही एकमात्र उपाय है। पितर प्रसन्न तो सभी देवता भी प्रसन्न हो जाते हैं।

ब्रह्मपुराण में बताया गया है कि धन के अभाव में श्रद्धापूर्वक केवल शाक से भी श्राद्ध किया जा सकता है। यदि इतना भी न हो तो अपनी दोनों भुजाओं को उठाकर कह देना चाहिए कि मेरे पास श्राद्ध के लिए न धन है और न ही कोई वस्तु। अत: मैं अपने पितरों को प्रणाम करता हूं, वे मेरी भक्ति से ही तृप्त हों।

**आर.डी.अग्रवाल (सुमन सागर)**

## आपके पत्र

# बिहार में खेल के क्षेत्र में सुधार की कवायद

एक समय था जब कहा जाता था, 'पढ़ोगे-लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे बनोगे खराब'. मगर बदलते समय के साथ इस कहावत के मायने बदल गये हैं. अब 'खेल-खेल में पढ़ाई' पर जोर दिया जाने लगा है। खेल के क्षेत्र में कैरियर की बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए युवा इसकी ओर आकर्षित होने लगे हैं। ग्लैमर, पैसा एवं सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध अवसरों के कारण गांव के युवाओं-छात्राओं में भी खेल के प्रति रूचि बढ़ी है। छोटे-बड़े शहरों से लेकर स्कूल-कॉलेजों के स्पोर्ट्स ग्राउंड एवं गांवों के खेत-खलिहान में युवाओं को क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, कुश्ती आदि खेलते देखे जा सकते हैं। अन्य राज्यों की तरह बिहार के सुदूर देहाती इलाकों में भी क्रिकेट क्लब, फुटबॉल क्लब आदि का गठन कर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहता है। सरकार भी खेलकूद को बढ़ावा देने की कवायद में जुटी हुई है। लेकिन इन खिलाड़ियों के सामने कई चुनौतियां भी हैं, जो उन्हें नेशनल-इंटरनेशनल टूर्नामेंट तक पहुंचने में बाधक बनी हुई है।

वैशाली जिले के अरनिया जंदाहा निवासी नीतीश कुमार स्नातक के छात्र हैं। वे पिछले कई सालों से क्रिकेट के मैदान पर बेहतरीन बॉलर के तौर पर पसीने बहा रहे हैं। ऑल इंडिया नेशनल यूनिवर्सिटी के क्रिकेट खिलाड़ी के रूप में नीतीश ने दूसरे स्टेट में जाकर भी टूर्नामेंट खेला है। लेकिन अब तक उन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिली है। नीतीश का कहना है कि पहले की तुलना में अब प्रदेश में खेलकूद का माहौल बदला है। सरकार अपनी योजनाओं में खेलों को बढ़ावा देने में प्राथमिकता दे रही है। कोचिंग भी मिल रही है, लेकिन अभी और ध्यान देने की जरूरत है। मुजफ्फरपुर के खेल संघ से जुड़े रहे एक पदाधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि नि:संदेह बिहार में खेल के क्षेत्र में बदलाव आए हैं, लेकिन खेल संघों की राजनीति, जातिवाद-पैरवी, खेलकूद के लिए आबंटित पैसों में गड़बडी, खिलाड़ियों को समय पर पैसे न मिलना आदि कुछ ऐसी चीजें हैं, जो खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने में बाधक बनती हैं।

बिहार में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है. लेकिन करप्शन, खेल संघों में राजनीति, जातिवाद, पैरवी और पैसों का खेल बहुत सारी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने नहीं दे रहा है. ट्रायल के दौरान ही बहुत सारे वाजिब खिलाडियों को टूर्नामेंट में भाग लेने से रोक दिया जाता है और ऐसे खिलाड़ियों को चुन लिया जाता है जिनमें खेल को छोड़कर उपर्युक्त सभी गुण होते हैं. ऐसे में ज़रूरी है कि यदि बिहार में भी खेलों को बढ़ावा देना है और यहां के खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों तक पहुंचना है तो सबसे पहले चयन में पारदर्शिता लानी होगी. खेल संघों को राजनीति, जातिवाद और पैरवी करने वालों से मुक्त करना होगा. एक खिलाड़ी ही खेल के महत्व और खिलाड़ियों की प्रतिभा को पहचान सकता है. इसलिए ज़रूरी है कि खेल संघों की कमान केवल राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुके खिलाड़ियों के हाथों में होनी चाहिए।

**रिंकु कुमारी, मुजफ्फरपुर, बिहार**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### जिपं अध्यक्ष ने 36 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** जिलापंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने 13 ग्राम पंचायतों की ग्राम पंचायत सोंठिया में ग्रेवल सडक, फरीदपुर डायला में ग्रेवल सडक, सेमरा में ग्रेवल सडक, स्वरूप नगर में ग्रेवल सडक, डिंडोली में ग्रेवल सडक, आकाढोडा में नाली निर्माण कार्य, भिलांय में ग्रेवल सडक, मुडरी में ग्रेवल सडक, आबूपुरकुचौली में ग्रेवल सडक, घटेरा में नाली निर्माण, रीछई में ग्रेवल सडक, रसूलपुर में ग्रेवल सडक, त्योंदा में ग्रेवल सडक निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया सांसद प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी ने शिवराज सरकार द्वारा चलाई जा रही हितेषी योजनाओं पर प्रकाश डाला एवं विश्वास दिलाया कि किसी भी पंचायत में विकास कार्यों पैसों की कमी नहीं होने दी जाएगी कार्यक्रम के दौरान पूर्व जनपद उपाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद लोधी जी ,जनपद सीईओ भगवान सिंह राजपूत अमर सिंह रघुवंशी रामू कुशवाह दिगपाल रघुवंशी मंडल अध्यक्ष राज रघुवंशी, मंडल उपाध्यक्ष उदयसिंह रघुवंशी, युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम तिवारी,महामंत्री नीलेश मीणा, देवेंद्र रघुवंशी रविंद्र रघुवंशी, महेश रघुवंशी सरपंच सचिव आरएस एवं सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत डिंडोली में आकांक्षी विकासखण्ड परियोजना बासौदा संकल्प सप्ताह स्वच्छता-एक संकल्प स्वच्छता की शपथ दिलाई एवं वृक्षारोपण किया।

### युवाओं ने निकाली यात्रा ,नशामुक्ति का लिया संकल्प



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** नगर के युवाओं ने गुरुवार को अंबेडकर चौक से भगवा यात्रा निकाली। नगर के रोहित साहू एवं आदित्य रघुवंशी ने इस यात्रा का आयोजन किया। छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के 350वें वर्ष के उपलक्ष्य में यात्रा निकाली गई। यात्रा का मुख्य उद्देश्य नगर में व्याप्त कुरीतियों जैसे नशे की लत में लिप्त होते युवाओं को राष्ट्र प्रेम एवं राष्ट्र सर्वोपरि के भाव से जोड़ना थ। यात्रा अंबेडकर चौक से प्रारंभ होकर बरेठ रोड होते हुए एसजीएस कालेज परिसर में पहुंची जहां समापन किया और संकल्प लिया कि नगर में युवाओं को नशे की लत से दूर करेंगे। जिसमें मुख्य रूप से नगर के युवा शुभेन्द्र सिंह राजपूत,विवेक अधिकारी, विवेक विश्वकर्मा,कपिल रघुवंशी, मोहित भार्गव, राहुल ठाकुर, आकिब कुरैशी, भास्कर दुबे, अनुराग ठाकुर,देवांश शर्मा, अनुभव जैन,मोहित कुशवाह, मयंक जैन, मलखान सिंह बड़सेना, विकास,देव, आनंद, मधुर, अनुराग साहू,रूद्र राजपूत सहित अन्य युवा उपस्थित रहे।

विकास में जुड़ा नया अध्याय: स्वास्थ्य मंत्री

# रायसेन में 750 करोड़ से बनेगा सौ सीटों का मेडीकल कॉलेज




**रायसेन, देशबन्धु।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी ने रायसेन स्थित वन परिसर में आयोजित किसान सम्मेलन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत किसानों को दावा राशि वितरण, किसानों को सम्मान निधि राशि अंतरण और मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार, नगरीय भू अधिकार व स्वामित्व योजना में हितग्राहियों को अधिकार पत्र वितरण कार्यक्रम का कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि कल आयोजित हुई मंत्री-परिषद की बैठक रायसेन जिले के लिए वरदान साबित हुई। जिसमें मंत्री-परिषद द्वारा रायसेन जिले में 100 एमबीबीएस सीट प्रवेश क्षमता के नवीन मेडिकल कॉलेज की स्थापना की स्वीकृति दी गई। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि रायसेन 750 करोड़ रू लागत से मेडीकल कॉलेज बनाया जाएगा। जिसके पहले चरण में 350 करोड़ रू लागत से मेडीकल कॉलेज व छात्रावास बनकर तैयार होगा और दूसरे चरणे में लगभग 425 करोड़ रू लागत का अस्पताल बनकर तैयार होगा। इसी के साथ प्रदेश का पहला उत्कृष्ट खेल प्रशिक्षण संस्थान भी स्वीकृत किया गया है। इस प्रशिक्षण संस्थान में प्रदेश भर से लोग प्रशिक्षण लेने आएंगे और प्रशिक्षक बनने के उपरांत सीएम राईज स्कूलों में खेल प्रशिक्षण देंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि रायसेन किले के लिए रोप-वे और गोपालपुर से खरगावली तक बायपास की सौगात भी मिली है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि सांची विधानसभा और रायसेन जिले को विकास के मामले में पहले पायदान पर लाना है। आज भी सांची विधानसभा क्षेत्र में लगभग 80 करोड़ रू राशि अनेक विकास कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण किया जा रहा है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार किसान हितैषी सरकार है। खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने और किसानों की आमदानी में वृद्धि के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। हमारा मध्यप्रदेश एकमात्र ऐसा प्रदेश है जहां किसानों को हर साल 12 हजार रू की राशि प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के 06 हजार रू तीन समान किश्तों में प्रदान किए जाते हैं और मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा भी किसान कल्याण योजना के तहत 06 हजार रू की राशि तीन समान किश्तों में प्रदान की जा रही है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदा में फसलों को क्षति होने पर भी फसल बीमा की राशि भी प्रदान की जाती है। उन्होंने सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का भी उल्लेख किया।

कलेक्टर अरविंद दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत आज जिले के 152127 हितग्राही किसानों के बैंक खाते में दो-दो हजार रू के मान से कुल तीस करोड़ 42 लाख 54 हजार रू की राशि जमा की गई है।

# 17 करोड़ के क्रिटिकल हेल्थ केयर यूनिट का भूमिपूजन




**रायसेन, देशबन्धु।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा गुरूवार को सांची में 792.30 लाख रू लागत से सिविल अस्पताल सांची को 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सांची का उन्नयन 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल सांची के नवनिर्मित उन्नत भवन का लोकार्पण किया गया। साथ ही सांची सिविल अस्पताल में ही 50 लाख रू लागत के ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का भी लोकार्पण किया गया। इसके पश्चात स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने जिला चिकित्सालय रायसेन में 1662.50 लाख रू लागत के क्रिटिकल हेल्थ केयर ब्लॉक निर्माण कार्य भूमिपूजन किया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने इन अवसरों पर आयोजित कार्यक्रमों का कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी किया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि रायसेन जिले और सांची विधानसभा क्षेत्र को कल और आज स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सौगाते मिली हैं। कल मंत्रीपरिषद की बैठक में रायसेन जिले के लिए मेडीकल कॉलेज स्वीकृत हो गया है, जो कि 750 करोड़ रू की लागत से बनकर तैयार होगा। इसके अलावा आज जिला अस्पताल में लगभग 17 करोड़ रू लागत से बनने वाले क्रिटिकल हेल्थ केयर यूनिट का भूमिपूजन किया गया है। जिसके बन जाने के बाद गंभीर स्थिति वाले मरीजों का यहीं उपचार हो सकेगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि सांची सिविल अस्पताल के 50 बिस्तरीय नवीन भवन और ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का भी लोकार्पण किया गया है। इससे सांची और आसपास के गॉवों के मरीजों को सुविधा होगी। जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा ने भी संबोधित किया। सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री ने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं तथा सेवाओं के विस्तार के बारे में जानकारी दी।

# भाजपा ने साधु-संतों को मंदिरों के जीर्णोद्धार की जानकारी का पत्रक वितरित किया



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश चुनाव प्रबंध समिति के सह प्रभारी राजेश तिवारी ने गुरुवार को क्षेत्र के नौलखी खालसा के श्रीमहंत रामनोहर दास महाराज, गंज हनुमान मन्दिर के महंत महेश्वर दास त्यागी महाराज व रामदेव मन्दिर के महंत पंडित हरिनारायण पाठक से सम्पर्क कर आध्यात्मिक चेतना को समर्पित भाजपा सरकार का एक पत्रक भेंट किया। जिसमें भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार द्वारा सनातन धर्म के मन्दिरों के जीर्णोद्धार की विस्तृत जानकारी है। साथ ही पत्रक देते हुए प्रदेश सह प्रभारी राजेश तिवारी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्रीराम मंदिर सहित अनेक मंदिरों का जीर्णोद्धार किया है। इसलिये संतों से आह्वान किया कि आने वाले चुनाव में धर्म की रक्षा के लिये साधु समाज भी भाजपा का सहियोग करे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजेश तिवारी के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश सिंह जादौन, स्थानीय विधायक लीना जैन, नपा अध्यक्ष शशि यादव, प्रेमनारायण विश्वकर्मा,हरिसिंह कक्का, ऋजुज एलिया, मंडल अध्यक्ष सौरभ सनी भावसार, राकेश खटीक, स्वप्निल जैन, नवरंग राजपूत, मनीष विश्वकर्मा सहित अनेक भाजपा जन उपस्थित थे। उल्लेखनीय बात यह है कि जो पत्रक समूर्ण मध्य प्रदेश की 230 विधानसभाओं में वितरित होना है इस पत्रक का विमोचन स्वम् मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बीते दिनों बासौदा प्रवास के दौरान किया था।

# टेम नदी जल प्रदाय योजना से 183 गांवों में मिलेगा पानी: शर्मा

▶ विधायक ने करीब 3 सौ करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगातें



**सिरोंज, देशबन्धु।** टेम नल जल परियोजना से अब आनंदपुर कस्बे सहित लटेरी क्षेत्र के 183 गांवों में रहने वाले परिवारों को पेयजल घर घर मिल सकेगा। करीब दो सौ सत्तावन करोड़ की इस घर घर जल पहुंचाने की महत्वपूर्ण योजना का विधायक उमाकांत शर्मा ने ग्राम झुकर जोगी पंचायत से भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने लटेरी तहसील की 36 एवं सिरोंज तहसील की 54 पंचायतों से वर्चुअली जुड़कर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए तीन सौ करोड़ से अधिक के विकास एवं निर्माण कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण की सौगात दी।

इसके पूर्व विधायक उमाकान्त शर्मा ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, भाजपा नेताओं तथा आम जनता के साथ ग्राम झुकर जोगी में सामूहिक रूप से जबलपुर से लाइव प्रसारण के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना। इसके उपरांत सिरोंज लटेरी की पंचायतों से सीधे जुड़ते हुए विधायक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत देश के स्वाभिमान और सम्मान की रक्षा करते हुए जनकल्याण के काम प्रमुखता से कर रहे हैं। आज उन्होंने बारह हजार करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात मध्यप्रदेश को दी है। मैं भी इस मंच से तीन सौ करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात क्षेत्र की जनता को दे रहा हूं। भाजपा के जनप्रतिनिधि होने के नाते हम जो कहते है वह करके दिखाते है। इस दौरान उन्होंने सिरोंज एवं लटेरी की पंचायतों में करोड़ों की राशि के विकास कार्यों की सौगात देते हुए प्रदेश में पुन: भाजपा सरकार बनाने के लिए आशीर्वाद भी मांगा। इस दौरान प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष सीमा कलावत, नगरपालिका अध्यक्ष शैलेश भंडारी,वरिष्ठ भाजपा नेता सुमेर सिंह बघेल,लक्ष्मण सिंह बघेल,भारत सिंह राजपूत, मंडल महामंत्री रामगुलाम राजौरिया,महेंद्र सिंह राजपूत,सुमेर सिंह यादव,संजय भंडारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**उनारसीकला में स्वास्थ्य केंद्र के भवन के साथ सड़कें, सामुदायिक भवन की सौगात:** कार्यक्रम के दौरान विधायक शर्मा ने अपनी निधि के अलावा राज्य शासन की विभिन्न मदो से पंचायतों में स्वीकृत सामुदायिक भवन,सीसी सड़क,ग्रेवल सड़क,चेक डेम, विद्यालयों में शौचालय निर्माण,मंदिर की बाउंड्रीबाल बाल,आंगनवाड़ी भवन,प्राथमिक शाला भवन,यात्री प्रतिक्षालय,पशु पेयजल निर्माण,कूप मरम्मत कार्य,चबूतरा निर्माण,अम्बेडकर भवन,खेत तालाब निर्माण,कब्रिस्तान में टीन शेड निर्माण,गौशाला निर्माण,तालाब का जीर्णोद्धार सहित विभिन्न योजनाओं के निर्माण कार्य शामिल है।

# भागवत कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए: पं. शर्मा

▶ भागवत कथा में धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्मोत्सव



**भेरुन्दा /नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इसमें श्रद्धालु जमकर थिरके। इस मौके पर पूरा परिसर श्रीकृष्ण के जयकारों तथा नंद के आनन्द भयो, जय कन्हैयालाल की जय से गूंजायमान हो उठा। नगर के रॉयल मार्केट स्थित पीतांबरा मंदिर के पास जारी सात दिवसीय भागवत कथा के दौरान पंडित राजेश शर्मा पौराणिक ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब कंस ने सभी मर्यादाएं तोड़ दी तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। यहां पर जैसे ही श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग कथा में आया तो श्रद्धालु हरे राधा-कृष्ण के उदघोष के साथ नृत्य करने लगे। पीतांबर मंदिर स्थित मुकुल अग्रवाल के यहां पर दोपहर दो बजे से कथा का आयोजन किया जा रहा है। पं. शर्मा ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा में लिखें मंत्र और श्लोक केवल भगवान की आराधना और उनके चरित्र का वर्णन ही नहीं है बल्कि कथा में वह सारे तत्व हैं जिनके माध्यम से जीव अपना तो कल्याण कर ही सकता है साथ में अपने से जुड़े हुए लोगों का भी कल्याण होता है। जीवन में व्यक्ति को अवश्य ही भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण स्वयं जानते थे कि वह परमात्मा हैं उसके बाद भी वह अपने माता पिता के चरणों को प्रणाम करने में कभी संकोच नहीं करते थे। यह सीख में भगवान श्रीकृष्ण से सभी को लेनी चाहिए। आज की युवा पीढी धन कमाने में लगी हुई है लेकिन अपनी कुल धर्म और मर्यादा का पालन बहुत कम कर रहे हैं। सात दिवसीय भागवत कथा में उन्होंने गजेन्द्र मोक्ष, वामन अवतार सहित अन्य प्रसंगों का वर्णन किया।

# जिलाबदर आरोपी को हथियार के साथ किया गिरफ्तार



**सिरोंज, देशबन्धु।** दीपनाखेड़ा पुलिस द्वारा जिला बदर आरोपी करण सिंह अहिरवार पुत्र नाथूराम अहिरवार उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम दामोदर खेड़ी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफ़लता मिली है। पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई की थाने का जिला बदर आरोपी करण सिंह अहिरवार अपने गांव दामोदरखेडी में है। पुलिस ने ग्राम दामोदरखेड़ी पहुंच कर जिलाबदर का आरोपी करण अहिरवार उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम दामोदरखेड़ी शासकीय स्कूल के पास खड़ा दिखा जिसे बल की मदद से पकड़कर तलाशी लेने पर एक लोहे की छुरी अपने कमर की बाई तरफ पेट में खुर्से मिला। जिसे जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाए। आरोपी के विरुद्ध जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने एवं अवैध हथियार रखने पर थाना दीपनाखेड़ में अपराध क्रमांक 135/23 धारा 25 आर्म्स एक्ट एवम अपराध क्रमांक 136/23, धारा 14,15 मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी न्यायालय सिरोंज पेश किया गया ।

## 22.82 करोड़ के कार्यों का आज भूमिपूजन

**भैरूंदा /नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** नगर परिषद में विभिन्न कार्यों का भूमि पूजन शुक्रवार को किया जाएगा। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने बताया कि 7.54 करोड़ की लागत से अमृत 2.0 जल प्रदाय योजना, 2.99 करोड़ की लागत से शॉपिंग काम्प्लेक्स, 2.08 करोड़ की लागत से हाट बाजार निर्माण, 3.87 करोड़ की लागत से इंदौर भोपाल मुख्य मार्ग में रेड स्टोन डिवाइडर निर्माण कार्य, 5.53 करोड़ की लागत से कायाकल्प अभियान अंतर्गत विभिन्न वार्डों में सीसी रोड निर्माण कार्य, 12.85 लाख की लागत से वार्ड 13 में ओपन नालियों में लोहे की जाली कवर किए जाने सहित अन्य कार्य का भूमिपूजन किया जाएगा।

# बाइक सवार शिक्षकों को लोडिंग वाहन ने कुचला, 1 की मौत, दूसरा घायल

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के दिमनी थाना अंतर्गत गुरुवार की सुबह अंबाह से ग्राम जीगनी जा रहे बाइक सवार शिक्षकों को लोडिंग वाहन चालक ने कुचल दिया, जिससे एक शिक्षक की घटनास्थल पर मौत हो गई तथा दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षक रामजीलाल पुत्र अतिबल तोमर 58 अम्बाह गुरुवार की सुबह अपने साथी शिक्षक सुरेंद्र शर्मा के साथ बाइक से जीगनी स्थित सरकारी विद्यालय में जा रहे थे, जब शिक्षक बाइक से 10:30 बजे के लगभग चोरपुरा पेट्रोल पंप के आगे बड़ागाँव दिमनी के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को कुचल डाला। इस दुर्घटना में रामजीलाल की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि सुरेंद्र शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक फरार हो गया है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। मृतक शिक्षक का पीएम कराकर लाश उनके परिजनों के सुपुर्द कर दी गई है तो वहीं घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या

**मुरैना, देशबन्धु।** जिले के कैलारस थाना अंतर्गत नैपरी गांव स्थित खेत में गुरुवार की सुबह 45 वर्षीय युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव का पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी।

बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह जगदीश जाटव पुत्र सरमन जाटव 45 वर्ष में अज्ञात करण के चलते खेत पर जहर खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जब काफी देर तक वह घर नहीं आया, तब परिजन उसे तलाशते हुए खेत में पहुंचे, जहां उसकी लाश पड़ी मिली। घटना की सूचना पर से पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव का पीएम कराकर लाश उसके परिजनों को सौंप दी है एवं मामले की जांच कर रही है।

# सिलेंडर के लिए रजिस्ट्रेशन न होने पर महिलाओं ने किया चक्काजाम

▶ कई घंटे खड़ेरहने के बाद भी नंबर न लगने से हुई आक्रोशित

**मुरैना, देशबन्धु।** इन दिनों जिले में उज्जवला गैस कनेक्शन एवं लाडली लक्ष्मी बहन योजना के तहत गैस सिलेंडर के लिए रजिस्ट्रेशन करने की प्रक्रिया चल रही है, जिसमें अव्यवस्थाओं के चलते महिलाएं परेशान हैं और गुरुवार को आक्रोशित महिलाओं ने हाईवे पर जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी एवं जवान मौके पर पहुंचे तथा आधा घंटे समझाईश देने के बाद महिलाएं शांत हुई और जाम को खोला गया।

उल्लेखनीय है कि इन दिनों राज्य सरकार द्वारा उज्जवला गैस कनेक्शन धारी महिलाओं एवं लाडली लक्ष्मी बहन योजना के तहत महिलाओं को 450 रूपए में सिलेंडर उपलब्ध कराने के लिए मध्य प्रदेश के साथ-साथ मुरैना जिले में अभी रजिस्ट्रेशन कराई जा रहे हैं, जिसके लिए रजिस्ट्रेशन केन्द्रों पर महिलाओं की भारी भीड़ पहुंच रही है और व्यवस्थाएं फेल हो गई हैं। गुरुवार की सुबह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पर रजिस्ट्रेशन के चलते महिलाओं की भारी भीड़ एकत्रित हो गई और वहां व्यवस्थाएं फैल हो गई, जिसके चलते आक्रोशित महिलाओं ने नेशनल हाईवे 552 पर चक्का जाम कर दिया। महिलाओं का आरोप था कि रजिस्ट्रेशन सेंटर पर कई कई घंटे खड़े होने के बाद भी उनका नंबर नहीं लग रहा और रजिस्ट्रेशन करने वाले भेदभाव कर रहे हैं तथा महिलाओं के लिए कोई सुविधा रजिस्ट्रेशन केंद्र पर उपलब्ध नहीं है। विदित हो कि 2 दिन पूर्व फाटक बाहर भी भीड़ के चलते काफी झगड़ा फसाद की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। जाम की सूचना मिलने पर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा आधा घंटे समझाईश के बाद महिलाओं ने जाम खोला।

## आगरा के व्यापारी को असली चांदी के बदले नकली थमाने वाले गिरफ्तार

**मुरैना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत बैरियर चौराहे पर 3 दिन पूर्व आगरा के व्यापारी से असली चांदी के बर्तन ठगी कर ले जाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा दो फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। उक्त गैंग द्वारा उत्तर प्रदेश राजस्थान एवं मध्य प्रदेश में ठगी की कई वारदातें की गई हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद ठाकुर ने बताया कि 1 अक्टूबर को फरियादी प्रिन्स पुत्र प्रकाशचंद्र वर्मा उम्र 30 साल नि. 28/393 गली ठठेरान गोकुलपुरा आगरा यू.पी. से कुछ लोगों द्वारा असली चाँदी के वर्तन 18 किलो के बदले में नकली चाँदी देकर ठगी कर ली गई। उक्त घटना को बदमाशों ने बैरियर चौराहे पर अंजाम दिया पुलिस ने रिपोर्ट पर से धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया। मुरैना कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पंचायती धर्मशाला सर्राफा बाजार मुरैना में चाँदी के बर्तन बेचने जाते हुये दो आरोपीगण निवासी नगला धाकरन नाई की मण्डी आगरा उ.प्र. पथवारी वेलन गंज आगरा उ.प्र. को गिरफ्तार कर लिया है और उनसे पूछताछ कर साढ़े पांच किलो चाँदी के वर्तन कीमती चार लाख रुपये व एक लाख रुपये नगद जप्त कर लिए गए हैं। पुलिस ने बताया कि उनकी गैंग के दो फरार आरोपीगण की गिरफ्तारी हेतु आगरा उ.प्र. पुलिस पार्टी रवाना की गयी है। पुलिस ने बताया कि गैंग के सरगना कपिल जैन का एक मामला छतरपुर म.प्र. का भी प्रकाश में आया है।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### ग्रामीणों ने की ग्रेवल रोड निर्माण की जांच की मांग, सौपा ज्ञापन

**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभात पट्टन विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत चारसी के ग्राम गोंडीधनोरी ग्राम पंचायत हिडली के ग्राम गडरा के ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार के निवास पर पहुंचकर गोंडीधनोरी से गडरा तक ग्रेवल रोड के संबंध में शिकायत करते हुए बताया कि लाखों रुपए की राशि से ग्रेवल रोड का निर्माण किया जा रहा है। जो की बहुत कम चौड़ा है। पूर्व में भूतपूर्व सरपंच द्वारा शासन के नियमों के अनुसार रोड का चौड़ीकरण कर रोड बनाया गया था। उसी रोड को अब ग्रेवल रोड बनाया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा उसके अनुसार चौड़ा रोड नहीं बनाया जा रहा। रोड बनाने में ठेकेदार द्वारा बाहर से मुरूम एवं पत्थर लाकर रोड पर नहीं डाले गए हैं। रास्ते के दोनों तरफ से नाली की मिट्टी खींचकर साइड में डालकर बहुत कम चौड़ा रोड बनाया गया है। उक्त ग्रेवल रोड से बड़े मुश्किल से गाड़ी बेल जा सकती है, चार पहिया वाहन नहीं जा सकते तथा बड़े वाहनों की क्रॉसिंग भी नहीं हो सकती है। केवल आसपास की नाली की मिट्टी से रोड बनाने के कारण वर्षा काल में रोड पर भारी कीचड़ होने से पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। इसीलिए ग्रेवल रोड की उच्च स्तरीय जांच कर कार्रवाई करने और रोड चौड़ा बनवाने के लिए ग्रामीणों ने ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन सौंपने वालों में अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद सिंगारे, रमेश गव्हाड़े, पिरु मसराम, छबीराम नागवंशी, शेख सलीम, युवराज अंबुलकर आदि उपस्थित रहे।

### आदिवासी समाज संगठन ने मनाई रानी दुर्गावती जयंती

**बैतूल, देशबन्धु।** शिवाजी चौक कोठी बाजार स्थित ऑडिटोरियम में समस्त आदिवासी समाज संगठन ने रानी दुर्गावती मरावी की जयंती मनाई। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर हल्दी चावल का टीका लगाकर पुष्पांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि आदिवासी समाज के युवाओं ने रानी दुर्गावती जयंती को लेकर सुबह रानी दुर्गावती प्रतिमा के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया। पानी से प्रतिमा एवं प्रतिमा स्थल की सफाई की गई। इसके बाद सुबह 11 बजे जयंती समारोह आयोजित किया गया। सतरंगी ध्वजा लगाई गई। जिला अध्यक्ष सुंदरलाल उइके ने पुष्प अर्पित कर उपस्थित जनों को रानी दुर्गावती की महान गौरव गाथा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि रानी दुर्गावती हमारे समाज की ही नही बल्कि पूरे देश की गौरव हैं। उन्होंने समाज व राष्ट, के लिए मुगलों से लड़ते हुए अपने प्राणों की आहूति दी। इस देश तथा इसके अस्तित्व के लिए हुई हर लड़ाई को हम आदिवासियों ने अपने रक्त से सींचा है। उन्होंने रोचक किस्सा सुनाते हुए कहा कि मुगलों की बड़ी सेना देख जब उनके मंत्री ने उनसे युद्ध न करने को कहा, तो रानी दुर्गावती ने कहा- कलंकित जीवन जीने की अपेक्षा शान से मर जाना अच्छा है। समाजसेविका देवेश्वरी मरकाम ने कहा कि रानी दुर्गावती के विचारों पर हमें चलकर समाज के लिए कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर समस्त आदिवासी समाज संगठन जिला अध्यक्ष सुंदरलाल उइके, कल्लूसिंह उइके, अंतुसिंह मर्सकोले, एसएस उइके, भूपेंद्रसिंह पन्द्राम, शंकर सिंह सरियाम, योगेश धुर्वे, आदिवासी युवा नेता राजेश कुमार धुर्वे, गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन जिला अध्यक्ष अविनाश धुर्वे आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश के विकास की गति तेजी से बढ़ी, सड़क-बिजली में आया सुधार : पटेल

**कृषक सम्मेलन में कृषि मंत्री ने किसानों को फसल बीमा दावा राशि के प्रमाण-पत्र व भू अधिकार पत्र सौंपे**



**हरदा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सतना में आयोजित राज्य स्तरीय कृषक सम्मेलन में 72 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि के 1 हजार 560 करोड़ का सिंगल क्लिक से अंतरण किया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के 30 लाख दावों में 1 हजार 58 करोड़ रुपये किसानों के खातों में जारी किए गए। मुख्यमंत्री चौहान ने 4 लाख 30 हजार परिवारों को पट्टों का वितरण भी किया। हरदा की कृषि उपज मंडी में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल ने किसानों को फसल बीमा दावा राशि के प्रमाण-पत्र तथा मुख्यमंत्री नगरीय भू अधिकार योजना के तहत भू स्वामी अधिकार पत्र प्रदान किये। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, उपाध्यक्ष दर्शनसिंह गेहलोत, नगर पालिका अध्यक्ष भारती राजू कमेडिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण भी मौजूद थे। कृषि मंत्री पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के विकास की गति तेजी से बढ़ी है। प्रदेश की सड़कों व विद्युत उत्पादन की स्थिति में काफी सुधार आया है। हरदा जिला अब शतप्रतिशत सिंचित जिला होने जा रहा है क्योंकि गत दिनों शहीद इलापसिंह सिंचाई परियोजना तथा मोरण्ड गंजाल सिंचाई परियोजना का मुख्यमंत्री चौहान ने भूमि पूजन कर दिया है। इन दोनों योजनाओं के पूर्ण होने पर हरदा जिला शतप्रतिशत सिंचित जिला बन जाएगी।

**कृषि मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा की:** कृषि मंत्री कमल पटेल ने गुरूवार शाम को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होने कहा कि जो निर्माण कार्य स्वीकृत हो चुके है लेकिन निर्माण अभी शुरू नहीं हुआ है, उनका निर्माण कार्य तत्काल शुरू किया जाए। साथ ही जो कार्य पूर्ण हो चुके है, उनका लोकार्पण तत्काल कराया जाए ताकि नागरिकगण उनका उपयोग कर सके। उन्होने कहा कि गत वर्षों में प्रदेश में और हरदा जिले में विकास कार्य बड़ी संख्या में हुए है, जिनसे नागरिकों का जीवन आसान हुआ है। कृषि मंत्री पटेल ने हरदा जिले के अधिकारियों की टीम की सराहना की और कहा कि जिला प्रशासन की अच्छी टीम के कारण ही हरदा में विकास कार्य तेजी से हो रहे है। बैठक में कलेक्टर ऋषि गर्ग, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शनसिंह गेहलोत, वनमण्डलाधिकारी अनिल चौपड़ा, जिला पंचायत के सीईओ रोहित सिसोनिया, अपर कलेक्टर डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे। कृषि मंत्री पटेल ने बैठक में बताया कि हाल ही में प्रदेश सरकार ने हरदा जिले की पंचायतों के लिए कुल 232 बहुउद्देशीय कृषक सेवा केंद्र स्वीकृत किए हैं।

# विधानसभा चुनाव को लेकर मुस्तैद हुआ प्रशासनिक अमला



**मुलताई, देशबन्धु।** बैतूल और छिंदवाड़ा की सीमा पर स्थित घाना परासिया के पास बनी चेक पोस्ट का सहायक रिटर्निंग आफिसर, मुलताई तहसीलदार अनामिका सिंह और थाना प्रभारी प्रज्ञा शर्मा द्वारा निरीक्षण किया गया। बताया जा रहा है कि छिंदवाड़ा की ओर से आने वाले और बैतूल की ओर से जाने वाले वाहनों की यहां पर जांच की जाएगी और उनकी रजिस्टर में एंट्री भी की जाएगी। अन्य सीमा क्षेत्र पर भी चेक पोस्ट बनाई जाएगी।

बुधवार तहसीलदार अनामिका सिंह और टी प्रज्ञा शर्मा चेक पोस्ट पर निरीक्षण के लिए पहुंची थी। अधिकारियों ने बताया कि चुनाव को देखते हुए चेक पोस्ट पर व्यवस्था बनाई जा रही है और यहां पर पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम नियुक्त की जाएगी। चुनाव को देखते हुए प्रशासन की ओर से तैयारी तेज कर दी गई है। चेक पोस्ट पर तेनात टीम के लिए क्या व्यवस्था होगी एवं किस तरह काम किया जाएगा इसको निर्धारित किया गया है।

### इनका कहना है

आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण हो इसके लिए लगातार तैयारी की जा रही है, अनैतिक गतिविधियों से बचने के लिए चेक पोस्ट पर टेंट आदि लगा दिये गए है। पीने के पानी सहित अन्य व्यवस्थाएं की जा रही है।

**अनामिका सिंह, सहायक रिटर्निंग आफीसर व**

# दुर्गा वाहिनी ने तहसीलदार और थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन




**आमला, देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी द्वारा तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बताया गया कि नगर में महिलाएं एवं बेटियां रेलवे स्टेशन बाजार एवं स्कूल कोचिंग क्लासेस अन्य क्षेत्र में आना-जाना करती है परंतु चौक चौराहा पर लोगों का जमावड़ा होने से महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल होता जा रहा है और रात्रि में शनिचर बाजार एवं रेलवे कॉलोनी हवाई अड्डा एवं रेलवे ग्राउंड शराब पीने का अड्डा बन गया है। दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका सोनाली नागले ने बताया कि स्कूलों के समय आसामाजिक तत्व द्वारा गाड़ी तेज चलाना एवं कॉमेंट्स करना बहनों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है आज इसी के संदर्भ में मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी द्वारा तहसीलदार एवं पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया और आगामी कुछ दिनों में नवरात्र दिवाली जैसे त्यौहार आ रहे हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान मातृशक्ति जिला संयोजिका शीला बर्डे जी, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका सोनाली नागले , शांती बाई, निर्मला खातरकर, हेमलता सोनी, सिंधु देशमुख, नंदनी नाथ, माधुरी, संध्या राठौर, कल्पना वाइकर, अनिता बाई, स्नेहा आदि मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की माताएं एवं बहने उपस्थित रही।

# वार्डों में मिलेगी अब 24 घंटे बिजली, शेष क्षेत्रों में भी जल्द मिलेगी सुविधा: पंडाग्रे

**विधायक ने किया पाथाखेड़ा के वार्ड 16 एवं 23 के विद्युत विस्तारीकरण कार्य का लोकार्पण**



**सारनी, देशबन्धु।** नगर पालिका क्षेत्र में गुरुवार को पथाखेड़ा के वार्ड क्रमांक 16 एवं वार्ड क्रमांक 23 में विद्युत विस्तारीकरण कार्य का लोकार्पण विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे,नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे एवं अन्य अतिथियों ने किया। इस अवसर पर सारनी नगर पालिका उपाध्यक्ष जगदीश पवार, पार्षदगण,जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। विधायक डॉ. पंडाग्रे ने दोनों स्थानों पर स्विच शुरू कर वार्डवासियों को बिजली की सौगात दी। वार्ड 16 में लगभग 31 लाख एवं 23 में लगभग 19 लाख से बाह्य विद्युत विस्तारीकरण का कार्य नगर पालिका द्वारा किया गया। विधायक,नगर पालिका अध्यक्ष,उपाध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि रंजीत सिंह,पार्षद योगेश बरडे, गणेश मस्की, अजबराव धोटे, अनीता बेलवंशी, सुनील पाटिल, मीना ददन सिंह,भीम बहादुर थापा, प्रवीण सोनी,मंडल अध्यक्ष नागेंद्र निगम, सुधा चंद्रा की उपस्थिति में लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा आमला क्षेत्र के लिए जितनी भी घोषणाएं की गई थी लगभग वह पूरी होने को है। क्षेत्र वासियों के लिए बहुत ही खुशखबरी है कि अभी-अभी 660 यूनिट का भूमिपूजन मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। साथ ही सीमेंट फैक्ट्री का भी टेंडर प्रक्रिया में संचालित है। इसी कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा संचालित नल जल योजना के अंतर्गत संपूर्ण सारनी क्षेत्र के 70 प्रतिशत से ज्यादा भागों में नल जल योजनाओं का जल घर-घर पहुंचने लगा है। घर-घर बिजली अभियान के अंतर्गत पाथाखेड़ा शोभापुर जो लगभग बिजली की कमी से जूझ रहा था, वह कमी भी पूरी हो गई है।बहुत ही अल्प मात्रा में कुछ क्षेत्र ऐसे बचे हैं जहां पर बिजली नहीं पहुंची है।उन्हें भी शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने विधायक के सहयोग से मुख्यमंत्री द्वारा नगर की जितनी समस्याएं थी, उन्हें समाप्त किया है।सतपुड़ा जलाशय से चाइनीस झालर समाप्त कर दिया गया है।सारनी में 660 यूनिट का प्लांट एक का भूमि पूजन हो चुका है। दूसरा भी प्रस्तावित हो गया है, सुखाढाना में कुटीर उद्योगों का क्लस्टर बनकर तैयार है। इस अवसर पर नोखेलाल गोह,विनय मदने,जागेश्वर साहू, जगदीश डेहरिया,राहुल बरडे,जीपी सिंह,हेमंत साहू,भूतू पवार सहित बडी मात्रा में वार्ड वासी उपस्थित थे।

# पारंपरिक लोकनृत्य में उषा एवं शास्त्रीय नृत्य में शालिनी का चयन

**बैतूल, देशबन्धु।** शा.कन्या उ.मा. विद्यालय बैतूल गंज बैतूल में प्राचार्य ललितलाल लिल्लोरे के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय राष्ट्रीय कला उत्सव 2023 का आयोजन किया गया। शिक्षक महेश गुंजेले ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार संगीत गायन शास्त्रीय संगीत, संगीत गायन पारंपरिक लोक संगीत, संगीत वादन अवनद्ध वाद्य, संगीत वादन स्वर वाद्य, नृत्य-शास्त्रीय नृत्य, नृत्य-लोकनृत्य,दृश्यकला द्वि-आयामी, दृश्यकला त्रि-आयामी,स्थानीय खिलौने एवं खेल,नाटक एकल अभिनय आदि 10 कलाओं में छात्र-छात्राओं का चयन किया गया, जिसमें शा.उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खण्डारा की छात्रा उषा सरियाम का चयन पारंपरिक लोक नृत्य तथा शा.कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सी.एम.राईज.बैतूल बाजार की छात्रा शालिनी श्रीवास का चयन शास्त्रीय नृत्य में तथा प्रवीण सेमरे का चयन भारतीय स्वर वाद्य में, सुजल रघुवंशी का चयन भारतीय अवनद्य वाद्य में, तथा ड्राइंग एवं पेटिंग में मुस्कान पवार एवं ज्ञानेश्वर घोटे तथा एकल अभिनय नाटक में तुषार पवार का चयन किया गया। यह छात्र-छात्रायें 7 अक्टूबर को होने वाले संभाग स्तर के राष्ट्रीय कला उत्सव 2023 में भाग लेगें। जिला स्तरीय राष्ट्रीय कला उत्सव में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का सहयोग रहा। प्रति वर्ष भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय कला उत्सव का आयोजन 10 कलाओं में स्कूल स्तर, संकूल स्तर, विकासखण्ड स्तर, जिला स्तर, संभाग स्तर, राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाता है जिसका मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में कलाओं के प्रति रूचि पैदा करना एवं पारंपरिक कलाओं को प्रोत्साहन देना हैं।



# पितृ पक्षः ताप्ती तट पर पं. त्रिवेदी वर्षों से करा रहे निःशुल्क तर्पण

**मुलताई, देशबन्धु।** पितृ पक्ष में ताप्ती तट पर पंडित गणेश त्रिवेदी वर्षों से निशुल्क तर्पण करा रहे है। निःशुल्क तर्पण का प्रारंभ लगभग 35 वर्ष पूर्व पंडित दुर्गा शंकर त्रिवेदी ने किया था जिसके बाद उनके पुत्र गणेश त्रिवेदी यह विधि को आगे बढ़ा रहे हैं। पंडित गणेश त्रिवेदी बताते हैं कि सूर्यपुत्री आदि गंगा मां ताप्ती तट पर तर्पण एवं पिंडदान का अपना धार्मिक महत्व है। हम लगभग 35 वर्षों से ताप्ती तट पर निशुल्क तर्पण की विधि कराते हैं। पितृपक्ष मास में ताप्ती तट पर देश के लिए शहीद होने वाले जवानों, मित्रों, शत्रु सहित पशु ,पक्षी, गाय आदि के लिए भी तर्पण करते हैं। ताकि पितृ तृप्त होकर मोक्ष प्राप्त कर सके और हमें सुख समृद्धि का आशीष दे। पंडित त्रिवेदी कहते हैं कि मां ताप्ती के इस पावन तट पर प्रतिवर्ष लगभग हजारों लोग पहुंचकर अपने माता, पिता ,दादा परदादा सब का नियमित रूप से यहां पर तर्पण करते हैं।



# कॉलेज में युवा सारथी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



**मुलताई, देशबन्धु।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुलताई में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत युवा सारथी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को नेप 2020 के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में विशेष वक्ता के रूप में शासकीय कन्या महाविद्यालय बैतूल से उपस्थित डॉक्टर आशीष गुप्ता ने छात्रों को सीबीसीएस क्रेडिट सिस्टम, डिग्री डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट एवम आनर्स की जानकारी दी। साथ ही साथ पाठ्यक्रमों में क्रेडिट की जानकारी देते हुए, विभिन्न प्रकार के विषयो के चयन में मेजर, माइनर, ओपन, इलेक्टिव इत्यादि व्यावसायिक आधार पाठ्यक्रम विषयो पर गहनता से प्रोजेक्टर और पीपीटी के माध्यम से व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसी व्याख्यान श्रेणी में प्रोफेसर विनोद अडलक ने अपने व्याख्यान में प्रत्येक विद्यार्थियों को जॉब खोजने वाला न बनकर जॉब देने वाला बनने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रध्यापक बी आर बारस्कर द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को गहनता से अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉक्टर नरेंद्र कुमार हनोते के द्वारा किया गया। अंत में डॉक्टर कमलेश सरिया द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित विद्वान जनों का आभार व्यक्त किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डी आर कालभोर, प्रो तारा बारस्कर, प्रोफेसर एम बी मसराम, डॉक्टर एल एल रावत, डॉक्टर पंकज झाडे, डॉक्टर सविता बघेल, प्रोफेसर सागर पटेल, प्रोफेसर सिद्धार्थ पंडोले, प्रोफेसर प्रकाश गीते, डॉ विनय राठौर, प्रकाश नागले, डॉ टीम एम नागवंशी, डॉक्टर ममता राजपूत, प्रोफेसर उमेश सालवांशी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सैनिक के सूने आवास में चोरी, गैस सिलेंडर सहित कई सामान ले उड़े



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के भगत सिंह वार्ड में आर्मी जवान के सूने घर में चोरी की घटना सामने आई है। इस संबंध में नीलम पति अभिराज सरिया ने मुलताई पुलिस थाने में लिखित शिकायत करते हुए बताया कि नगर के भगत सिंह वार्ड उनका घर है। उनके पति आर्मी में है और फिलहाल असम में पदस्थ है। वह पिछले 15 दिनों से बैतूल में अपने मम्मी पापा के घर गई हुई थी। जहां उनके पड़ोसी द्वारा उन्हें फोन पर सूचना दी गई कि उनके घर चोरी हुई है। वह अपने मम्मी पापा और भाई के साथ भगत सिंह वार्ड स्थित घर पहुंची, जहां पर देखा कि घर का सामान बिखरा हुआ पड़ा है और कुछ सामान चोरी हो गया है। जिसमें दो इंडेन गैस के सिलेंडर, एक सिलाई मशीन, एक पानी की मोटर, दो तांबे की गुंडी, दो पीतल की गुंडी, डिनर सेट व अन्य किचन की सामग्री व पहनने के कपड़े और एक जोड़ी पायजेब, दो सोने की हाय भी चोरी हो गए हैं। इस संबंध में उन्होंने मुलताई पुलिस थाने में शिकायत की है।

**रेलवे फाटक के पास गुम हुआ महिला का मंगलसूत्र:** नगर के खेड़ली बाजार मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक के पास एक महिला का मंगलसूत्र गुम होने का मामला सामने आया है। ग्राम खेड़ी बाजार निवासी सरिता प्रजापति ने मुलताई पुलिस थाने में लिखित शिकायत करते हुए बताया कि वह अपने पति महेश प्रजापति के साथ मुलताई आई हुई थी। जहां से वापस लौटते समय मंगलवार शाम करीब 7 बजे रेलवे फाटक के पास उनका मंगलसूत्र गुम हो गया है। उन्होंने बताया की जब वे घर पहुंचे तब उन्हे पता चला की उनका मंगलसूत्र उनके गले में नही है। सरिता ने बताया की वे वापस लौटते समय रेलवे फाटक बंद होने के कारण वहा रुके थे, जहा भीड़ अधिक थी। वहीं पर उनका मंगलसूत्र गुम हुआ है।

### छात्राओं को दिया प्रशिक्षण

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के पीएमश्री कन्या शाला की छात्राओं को बुधवार यूनाईटेड हेल्थ वर्कर्स वेलफेयर एसोसिएशन ऑफ इंडिया बैतूल टीम के संभाग अध्यक्ष डॉ योगेश पवार द्वारा सीपीआर और प्राथमिक चिकित्सा के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। यह परशिक्षण संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मनीष कुशवाह, उपाध्यक्ष डॉ पंकज रावत,प्रदेश अध्यक्ष डॉ सोयल खान, जिला अध्यक्ष डॉ संदीप परिहार फिजियोथेरेपिस्ट के मार्गदर्शन में किया गया। यह कार्यक्रम पीएम श्री कन्या शाला की शिक्षिका रेवती रघुवंशी, प्रभारी प्राचार्य एसडी बारपेठे की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में शाला की करीब 150 छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें सीपीआर, बेसिक लाईफ सपोर्ट, प्राथमिक उपचार, पर्सनल हाईजीन, के बारे मे जानकारी दी गई। स्कूली छात्राओं ने प्रशिक्षण पाकर कहा कि यह अंत्य आवश्यक जानकारी है, जिसके बारे में हर किसी को मालूमात होनी चाहिए। इस तरह से प्रशिक्षण प्राप्त कर समय रहते गंभीर हार्ट अटैक जैसी आदि समस्याओं के समय लोगों को प्राथमिक उपचार देकर उनकी जान बचाई जा सकती है। जो की कारगर साबित हो सकता है। इस तरह के प्रशिक्षण प्रत्येक शालाओं में होने चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए संस्था का आभार व्यक्त किया और आगामी समय में पुनः प्रशिक्षण आयोजन कराए जाने का आग्रह भी किया।

# खेल जगत

## अंतिम पंघल ने कुश्ती में जीता ब्रॉन्ज



**हांगझोऊ,** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। दो बार की मौजूदा अंडर-20 चैंपियन अंतिम पंघल ने गुरुवार को टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता मंगोलिया की बैट-ओचिर बोलोरतुया को हराकर 19वें एशियाई खेलों में महिलाओं की 53 किग्रा कुश्ती स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। मौजूदा एशियाई चैंपियन अंतिम, जो अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जापान की अकारी फुजिनामी से हार गई थी, वो रेपचेज के माध्यम से कांस्य पदक मुकाबले में आगे बढ़ी। इस बीच पूजा गहलोत महिलाओं के फ्रीस्टाइल 50 किग्रा सेमीफाइनल कांस्य पदक मैच में उज्बेकिस्तान की अकतेंगे क्यूनिमजेवा से 2-9 से हारकर पदक से चूक गईं। पूजा इससे पहले सेमीफाइनल में दो बार की एशियाई चैंपियन जापान की रेमिना योशिमोटो से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर हार गईं थीं। वहीं, ग्रीको-रोमन पहलवान नवीन को 130 किग्रा कांस्य पदक मुकाबले में दक्षिण कोरिया के मिनसोक किम के हाथों 1-5 से हार का सामना करना पड़ा।

# तीरंदाजी में महिला टीम के बाद पुरुष टीम ने भी जीता स्वर्ण पदक





**हांगझोउ** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के ओजस देवतले, अभिषेक वर्मा और जावकर प्रथमेश समाधान की जोड़ी ने पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी में गुरुवार को दक्षिण कोरिया को 235-230 के अंतर से हराकर इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीत लिया है। इससे भारत की महिला टीम ने चीनी ताइपे को 230-229 से हराकर स्वर्ण पदक जीता था।

ओजस प्रवीण देवताले, अभिषेक वर्मा और प्रथमेश जावकर की भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने गुरुवार को यहां 19वें एशियाई खेलों में फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम ने जू जेहून, यांग जेवोन और किम जोंगहो की दक्षिण कोरियाई टीम को पुरुषों की कंपाउंड स्पर्धा में 235-230 से हराकर शीर्ष पुरस्कार जीता।आज यहां खेले गये मुकाबले में दक्षिण कोरिया के पांच नौ-पॉइंटर्स की मदद से 58-55 की बढ़त के साथ भारत आगे बढ़ने वाला पहला खिलाड़ी था। कोरियाई लोग फिर से एंड 2 के शुरुआती शॉट्स में 10 से चूक गए और एक और अंक पीछे रह गए। दूसरे छोर से भारतीय टीम ने अंदरूनी घेरे पर प्रहार करना जारी रखा। स्वर्ण पदक जीतने की राह में, भारतीय तिकड़ी ने क्वार्टर फाइनल में भूटान के खिलाफ 235-221 से जीत दर्ज करने के बाद सेमीफाइनल में चीनी ताइपे को 235-224 से हराया। इसके अलावा, भारत ने कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण और रजत पदक पक्के कर लिए हैं, जिसमें विश्व चैंपियन ओजस और हमवतन अभिषेक शनिवार को शिखर मुकाबले के लिए तैयार हैं।

इससे पहले दिन में भारतीय तीरंदाजी महिला कंपाउंड टीम ने फाइनल में मुकाबले में चीनी ताइपे को 230-229 से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया था।

अदिति, ज्योति और परनीत की भारतीय जोड़ी शुरुआत में दो अंकों से पीछे चल रही थी, लेकिन दूसरे छोर के छठे तीर में चीनी ताइपे के 7-प्वाइंटर ने भारत को बढ़त दिला दी। फिर, अंतिम छोर तक स्कोर 171-171 रहा और भारत ने अंत मे चीनी ताइपे को एक अंक से हराकर स्वर्ण पदक मैच जीत लिया।

ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति गोपीचंद स्वामी और परनीत कौर की महिला टीम ने यी सुआन चेन, आई जु हुआंग और लु यून वांड की चीनी ताइपे टीम को कड़े मुक़ाबले में 230-229 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

## घोषाल स्वर्ण से चूके, रजत जीता

संभवत: अपने आखिरी एशियाई खेलों की तरह, भारत के सौरव घोषाल अपने अवसरों को भुनाने में असफल रहे और गुरुवार को हांगझोउ में स्वर्ण पदक मैच में मलेशिया के एनजी इयान यू से 3-1 से हार गए। हांगझोउ ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर स्क्वैश कोर्ट 1 में खेले गए फाइनल में, राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता घोषाल ने पहला गेम 11-9 से जीता, लेकिन फिर अगले तीन गेम में 9-11, 5-11, 7-11 से हार गए और एक बार फिर उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। घोषाल, 37 साल की उम्र में हर गुजरते दिन के साथ युवा नहीं हो रहे थे, उन्होंने एकल स्वर्ण पदक जीतने का अपना सर्वश्रेष्ठ मौका गंवा दिया था। वह 2014 फाइनल में अब्दुल्ला अल-मुजायेन से 12-10, 11-2, 12-14, 8-11, 9-11 से हार गए थे। एशियाई खेलों का एकल स्वर्ण वह पदक है जिसे घोषाल सबसे अधिक चाहते थे। गुरुवार को उसके पास मौके थे लेकिन वह एक ऐसे प्रतिद्वंद्वी से हार गए जो अधिक ऊर्जावान, अत्यधिक कुशल और बेहतर लय में दिख रहा था। घोषाल ने मैच के बाद कहा, मैं वास्तव में बहुत निराश हूं। पहला गेम जीता लेकिन दूसरा मेरे अनुकूल नहीं रहा। अजीब चीजें हुईं। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उसने बेहतर खेलना शुरू कर दिया और खुद को थोपा और मैं जवाब नहीं दे सका। मुझे यकीन नहीं है कि मैं अगले एशियाई खेलों में वहां पहुंच पाऊंगा या नहीं। कुछ 50-50 निर्णय ऐसे थे जो उनके अनुरूप नहीं रहे। भारत के अब तक के सबसे सफल कोलकाता के 37 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, बहुत सारे किंतु-परंतु हैं लेकिन मैं अभी चीजों का विश्लेषण नहीं करने जा रहा हूं। यह मैं बाद में करूंगा जब भावनाएं शांत हो जाएंगी और चीजें स्पष्ट हो जाएंगी। लगभग दो दशकों तक देश का प्रतिनिधित्व करने वाले स्क्वैश खिलाड़ी से यह पूछे जाने पर कि क्या वह अगले एशियाई खेल खेलेंगे, घोषाल ने कहा कि वह बाद में इस बारे में फैसला करेंगे। उन्होंने कहा, मैं अभी इस बारे में कुछ नहीं कह रहा हूं। मैं शांत क्षणों में इस बारे में फैसला करूंगा। एशियाई खेलों के स्क्वैश में अब तक 9 पदकों के साथ सौरव घोषाल भारत के सबसे सफल खिलाड़ी हैं। जब वह अपने रैकेट लटकाएगा तो उसके दिल में एकमात्र निराशा यह होगी कि उसका प्रिय स्क्वैश कई प्रयासों के बावजूद ओलंपिक में जगह नहीं बना सका। उन्होंने कहा, कौन सा स्क्वैश खिलाड़ी ओलंपिक में खेलना पसंद नहीं करेगा? लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह भारत के अब तक के सबसे महान स्क्वैश खिलाड़ी के लिए एक और निराशा होगी, जिसने भारतीय खिलाड़ियों के लिए नए कीर्तिमान स्थापित किये।

# भारत की महिला हॉकी टीम का टूटा सीधे पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने का सपना

- चीन की महिला हॉकी टीम ने भारत को सेमीफाइनल में दी 4-0 से शिकस्त
- भारत को सेमीफाइनल में अखरी माहिर ड्रैग फ्लिकर की कमी



**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुभवी गोलरक्षक सविता पूनिया की अगुआई वाली भारत की महिला हॉकी टीम का हंगजू(चीन) में 19 वें एशियाई खेलों में स्वर्ण जीत सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने का सपना बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में चीन के हाथों 0-4 हार से टूट गया। भारत की टीम पूल में अपने तीन मैच जीत तथा दक्षिण कोरिया से मैच ड्रॉ खेल चार-चार मैचों में समान रूप से दस-दस अंकों के बाद अपने बेहतर गोल अंतर से शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में पहुंची थी। अब भारतीय महिला हॉकी कांसे के लिए भिड़ेगी। जियाकी जोंग के दूसरे क्वॉर्टर, मिरोंग जू के तीसरे क्वॉर्टर के अधबीच पेनल्टी कॉर्नर पर तथा मियू लियांग के चौथे और आखिरी क्वॉर्टर में मैदानी तथा और बिफेंग गू के अंतिम मिनट में अंतिम पेनल्टी कॉर्नर पर दागे एक-एक गोल की बदौलत चीन की महिला हॉकी टीम ने भारत को पर 4-0 से आसान जीत के साथ फाइनल में स्थान बना स्वर्ण जीत ओलंपिक के लिए सीधे क्वॉलिफाई करने की उम्मीदें बरकरार रखा।

भारत ने तीसरे और आखिरी क्वॉर्टर में पांच पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन दूसरे और अंतिम पर नवनीत कौर के इनडायरेक्ट गोल को अमान्य कर दिए। सच तो यही है कि भारत को माहिर ड्रैग फ्लिकर की एशियाई खेलों में सबसे ज्यादा चीन के खिलााफ सेमीफाइनल में अखरी । चीन की महिला टीम ने अपने चार में से तीन गोल पेनल्टी कॉर्नर पर किए और यही उसकी जीत के साथ फाइनल में स्थान बनाने का बड़ा कारण रहा। भारत की टीम तीसरे क्वॉर्टर के आखिर तथा चौथे क्वॉर्टर के शुरू को छोड़ मैदान में कहीं दिखाई ही नहीं पड़ी।

चीन को पहले क्वॉर्टर में दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन उम्मीदों के मुताबिक भारत की कप्तान गोलरक्षक सविता ने ली होंग की इनडायरेक्ट इसे गोल में बदलने की कोशिश नाकाम कर दी। भारत की अग्रिम पंक्ति में सलीमा टेटे और संगीता कुमारी दो गेंद को लेकर चीन की डी में पहुंची लेकिन चीन की रक्षापंक्ति की मजबूत दीवार को पार करने में नाकाम रही। चीन की ऑस्ट्रेलियाई चीफ कोच एलिसा अन्नान की भारत के हमलों के वक्त उसकी स्ट्राइकर पर गेंद जाने पर अपनी टीम की तीन खिलाडियो को उनकी चौकसी पर लगाने की नीति कारगर रही।वहीं भारत की रक्षापंक्ति में अनुभवी फुलबैक दीपग्रेस एक्का व सुशीला चानू के साथ गोलरक्षक सविता पूनिया ने पूरी मुस्तैदी दिखाई। बदकिस्मती से चीन को मिले चौथे पेनल्टी कॉर्नर पर वह जियाकी जोंग के पेनल्टी कॉर्नर का कोण भांपने से चूक गोल खा गई। भारत के लिए गोल करने का पहला बढिया अभियान दाएं से सलीमा टेटे ने मैच के 14 वें मिनट में बनाया लेकिन पूरी की पूरी चीनी टीम ने अपने किले की चौकसी पर आकर उनकी गोल करने की कोशिश नाकाम कर दी। पहले क्वॉर्टर में कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। चीन ने दूसरे क्वॉर्टर के दसवें मिनट जियाकी जोंग ने चौथे पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया।

# भारत ने ग्रुप मुकाबले चीनी ताइपे के बाद जापान को हराया



**हांगझोउ** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने गुरुवार को ग्रुप 'ए' के चौथे और अंतिम मुकाबले में जापान को 56-30 हरा दिया है। इससे पहले तीसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने चीनी ताइपे के खिलाफ 50-27 से जीत दर्ज की थी। इस जीत के साथ भारतीय कबड्डी टीम अपने ग्रुप ए के सभी चार मैचों में से चार जीतकर एशियन खेल 2023 कबड्डी सेमीफाइनल में जगह बनाने तक अजेय रही। चीनी ताइपे तीन जीत और भारत के खिलाफ एक हार के साथ दूसरे स्थान पर रहा। बंगलादेश और थाईलैंड ने अपनी एकमात्र जीत जापान के खिलाफ दर्ज की।

सात बार के चैंपियन भारत का सेमीफाइनल में दो बार के रजत पदक विजेता पाकिस्तान से मुकाबला होगा, वहीं चीनी ताइपे का सामना मौजूदा चैंपियन ईरान से होगा।

एशियाई खेल 2023 में कबड्डी में पुरुषों का सेमीफाइनल शुक्रवार को ज़ियाओशान गुआली स्पोर्ट्स सेंटर में खेला जाएगा। सेमीफाइनल में हारने वाले खिलाड़ियों को भी कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा। पवन सहरावत की अगुवाई में भारतीय टीम ने अपनी चौथी जीत के दौरान जापान को कुल 5 बार ऑल-आउट किया, पहले हाफ में 3 बार और दूसरे हाफ में 2 बार ऑल-आउट किया। कबड्डी मुकाबले में भारतीय टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल प्रदर्शन जारी रखा। भारत ने पहले हाफ में जापान की टीम को 3 बार ऑल-ऑउट और दो बोनस अंक हासिल करते हुए स्कोरशीट में कुल 35 अंक दर्ज किए। जबकि जापान की टीम ने 6 बोनस अंक हासिल करते हुए कुल 11 अंक दर्ज किए। दोनों ही टीमें इस दौरान कोई भी टेक्निकल और सुपर टैकल अंक हासिल नहीं कर सकीं। इसी के साथ पहला हाफ 35-11 के स्कोर पर समाप्त हुआ। दूसरे हाफ में जापान ने वापसी करते हुए भारत को कड़ी टक्कर दी और लगातार बोनस अंक बटोरने का सिलसिला जारी रखा। इस बीच भारतीय टीम जापान को एक बार फिर ऑल-आउट करने में सफल रही। जापानी खेमे से लगातार अच्छा प्रदर्शन देखने को मिला, लेकिन भारत के डिफेंस ने अपना दबाव बनाए रखा। भारतीय टीम ने जापान के खिलाफ दूसरे हाफ में 21 अंक हासिल किए, जबकि जापान ने 19 अंक दर्ज किए।

# महिला एकल क्वार्टरफाइनल में सिंधु चीन से हारी



**हांगझोउ** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु को गुरुवार को महिला एकल के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में चीन की खिलाड़ी से हारकर एशियाई खेलों से बाहर हो गई है।

आज यहां बिनजियांग जिम्नेजियम स्टेडियम में 47 मिनट तक चले मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधु को पांचवें रैकिंग की चीन की हे बिंगजियाओ से 21-16, 21-12 से हार का सामना करना पड़ा।

दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता हे बिंगजियाओ ने क्वार्टरफाइनल मैच में शानदार शुरुआत की और 9-5 की बढ़त बनाई। वह पहले गेम की शुरुआत से पीवी सिंधु पर चीनी खिलाड़ी हावी रहीं। बिंगजियाओ ने शुरुआती बढ़त हासिल की और भारतीय खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी।

सिंधु ने अपने शॉट के जरिए अंक हासिल करने की पूरी कोशिश की। सिंधु ने लगातार तीन अंक हासिल किए और स्कोर को (16-18) किया, लेकिन बिंगजियाओ ने इस गेम को 21-16 से अपने नाम कर लिया।

दूसरे गेम में चीनी बैडमिंटन खिलाड़ी ने शुरुआती (5-1) बढ़त बनाई। लेकिन सिंधु ने 8-8 से स्कोर बराबर किया, लेकिन इसके बाद चीनी खिलाड़ी ने इस गेम में 6 अंकों से बढ़त हासिल की और अपनी बढ़त को बरक़रार रखते हुए दूसरे गेम को 21-12 से जीत लिया। वहीं, पीवी को मैच में काफी संघर्ष करना पड़ा। सिंधु की हार के साथ महिला स्पर्धा में पदक की उम्मीद ख़त्म हो गई है। इससे पहले महिला एकल में अस्मिता चालिहा राउंड ऑफ 32 में हारकर बाहर हो गई थीं।

उल्लेखनीय है कि हांगझोउ में अपने मैच से पहले सिंधु पांच मैचों में से चार में चीनी खिलाड़ी को मात दे चुकी हैं।

## सार संक्षेप

### तारा शाह, आयुष शेट्टी ने बढ़ाया जीत का सिलसिला, उन्नति चैंपियनशिप से बाहर

**स्पोकेन (अमेरिका)।** तारा शाह और आयुष शेट्टी ने बैडमिंटन विश्व जूनियर चैंपियनशिप के राउंड ऑफ-16 में आगे बढ़ते हुए अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा, जबकि उन्नति हुडा राउंड ऑफ-32 में हारकर बाहर हो गईं। लड़कियों के एकल मैच में टूर्नामेंट की तीसरी वरीयता प्राप्त तारा ने कनाडा की एलेना यू के खिलाफ 30 मिनट तक चले करीबी मुकाबले में 23-21, 21-16 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। लड़कों के एकल वर्ग में आयुष को इंडोनेशिया के मुहम्मद रजा अल फजरी से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। हालांकि, पहला गेम हारने के बाद मुहम्मद ने जोरदार वापसी की, लेकिन आयुष ने धैर्य दिखाया और अंततः 21-14, 13-21, 21-19 से मुकाबला जीत लिया। मिश्रित युगल में सात्विक रेड्डी कनापुरम और वैष्णवी खडकेकर की जोड़ी का सामना सिंगापुर के नगे जू जिन और जिओ एन हेंग से हुआ। शुरुआती झटके के बावजूद, उन्होंने शानदार वापसी की और अंतिम गेम में 19-21, 21-10, 21-7 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। दूसरे मिश्रित युगल मुकाबले में समरवीर और राधिका शर्मा ने एक और करीबी मुकाबले में मलेशिया के ब्रायन जेरेमी गूनटिंग और चान वेन त्से को सीधे गेमों में 21-19, 21-18 से हराया। अन्य लड़कियों के एकल वर्ग में उन्नति हुडा को टूर्नामेंट की शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान की टोमोका मियाज़ाकी ने 21-13, 21-13 से हराया।

### बहरीन ने तीसरी बार महिला मैराथन जीती, चीन ने पहला पुरुष स्वर्ण जीता

**हांगझोउ।** एशियाई खेलों के पुरुष मैराथन में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले चीनी एथलीट बन गए, जबकि बहरीन की यूनिस चेबिची पॉल चुंबा ने गुरुवार को स्वर्ण पदक जीतकर अपनी स्थिति बरकरार रखी। कियानतांग रिवर ग्रीन बेल्ट कोर्स में चल रहे आयोजनों में, रोज़ चेलिमो (जकार्ता-पालेमबांग 2018) और यूनिस जेपकिरुई किरवा (गुआंगज़ौ 2014) की सफलताओं के बाद, चुम्बा बहरीन की लगातार तीसरी महिला मैराथन विजेता बन गई। चुम्बा ने कहा, यह पहली बार है जब मैंने एशियाई खेलों या किसी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। सभी लोग मेरे लिए चिल्ला रहे थे, जिसने मुझे जीतने के लिए प्रेरित किया, मुझे फिनिश लाइन तक पहुंचाया। मेरे प्रतिस्पर्धी वास्तव में मजबूत हैं, और हम सभी एक-दूसरे को धक्का दे रहे थे। चुम्बा 2 घंटे 26 मिनट 14 सेकेंड में 1:41:00 मिनट में चीन के झांग देशुन से आगे दूसरे स्थान पर रही। कजाकिस्तान की सरदाना ट्रोफिनोवा ने कांस्य पदक जीता। झांग, जो जकार्ता-पालेमबांग 2018 महिलाओं की 10000 मीटर में तीसरे स्थान पर थी, को अपने नए अनुशासन में अपनी उपलब्धि पर गर्व था।

# स्क्वैश में दीपिका-संधू ने मिश्रित युगल में स्वर्ण



**हांगझोउ,** 05 अक्टूबर (वार्ता) दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल सिंह संधू की जोड़ी ने गुरुवार को एशियाई खेलों के इतिहास रचते हुए स्क्वैश मिश्रित युगल स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक जीता और सौरव घोषाल को पुरुष एकल मुकाबले में रजत मिला है।

आज यहां हुए मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने फाइनल में मलेशिया के आइफा अजमान और मोहम्मद सयाफिक कमाल को 11-10, 11-10 से हराया। इस जोड़ी ने अपने सभी एशियाड मुकाबलों में सिर्फ दो गेम गंवाए थे।

यह एशियाई खेलों में दीपिका का पहला स्वर्ण पदक है, जबकि संधू ने महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपना तीसरा पदक जीता।

पुरुष टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले सौरव ने पहले मुकाबले को 11-9 के अंतर से जीता लेकिन फिर 9-11, 5-11, 7-11 से हार का सामना करना पड़ा। सौरव घोषाल को मलेशिया के इयान यो एनजी से 3-1 से हार मिली।

सौरव घोषाल ने इससे पहले, एशियाई खेल 2023 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम का हिस्सा थे। महाद्वीपीय प्रतियोगिता में उनकी मेडल टैली में पदकों की संख्या 10 हो गई है, जिसमें तीन टीम स्वर्ण, दो एकल रजत, तीन एकल कांस्य और दो टीम कांस्य पदक शामिल हैं।

# सेमीफाइनल से पहले भी खत्म हो सकता है पाकिस्तान का सफरः हरभजन



**मुबंई** 5 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व फिरकी गेंदबाज हरभजन सिंह पाकिस्तान को मौजूदा विश्व कप का दावेदार नहीं मानते। उनकी नजर मे पड़ोसी देश का सफर विश्व कप के सेमीफाइनल से पहले भी खत्म हो सकता है।

क्रिकेटर से कमेंटेटर बने हरभजन ने ईएसपीएनक्रिकइंफो के कार्यक्रम रोड टू द वर्ल्ड कप में अपने विचार रखते हुये कहा बल्लेबाजी पाकिस्तान की कमजोर कड़ी है और नसीम शाह के न खेलने से उनकी गेंदबाजी में गिरावट देखी जा सकती है। मेरा मानना है कि भारत इस बार खिताब का प्रबल दावेदार है मगर आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना प्रबल है और यदि सेमीफाइनल की चौथी टीम की बात की जाये तो इसमें दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिल सकता है। हरभजन के तर्क से पूर्व कोच रवि शास्त्री पूरा इत्तेफाक नही रखते। उनका मानना है कि सेमीफाइनल में पहुंचने के लिये पाकिस्तान पूरा जोर लगायेगा। उन्होंने कहा, कई टीमों को चोटें आई हैं, लेकिन मेरा मानना है कि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत निश्चित रूप से सेमीफाइनल में पहुंचेंगे। नसीम शाह के नहीं होने से पाकिस्तान की ताकत थोड़ी कम हो गई है मगर वे इन परिस्थितियों में अपने खेल को जानते हैं। मैं कहूंगा कि यह चौथी टीम के रूप में पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबला होगा। हरभजन ने कहा सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली तीन टीमें मेरे लिए निश्चित हैं,इंग्लैंड, भारत और ऑस्ट्रेलिया। चौथी टीम कोई भी हो सकती है लेकिन हम पहले पाकिस्तान के बारे में सोच रहे थे, लेकिन हाल ही में मैंने देखा है कि उन्होंने जिस तरह से बल्लेबाजी की है, वह बहुत नाजुक लग रही है। इसके अलावापाकिस्तान की मौजूदा स्पिन गुणवत्ता उनके पिछले दौर की तुलना में कम हुई है। उनकी टीम में सकलैन मुश्ताक, सईद अजमल, शाहिद अफरीदी, मुश्ताक अहमद जैसे बड़े स्पिनर थे मगर अब शादाब खान हैं लेकिन अब हाल ही में वह अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी नहीं कर रहे है, वह विकेट लेने के बारे में नहीं सोच रहा है। वह 50-60 रन बनाने और कोई विकेट नहीं लेने से काफी खुश हैं। उन्होने कहा, इसलिए, मेरा मानना है कि उनकी स्पिन उतनी मजबूत नहीं है जितनी पहले हुआ करती थी और उनकी बल्लेबाजी बहुत नाजुक दिखती है। सच कहूँ तो, गेंद कब स्विंग करती है, उन्हें इसका अंदाज़ा ही नहीं होता। गेंद कब घूमी, उन्हें पता ही नहीं चलता। इसलिये मेरा मानना है कि मेरे लिए चौथी टीम या तो न्यूजीलैंड या दक्षिण अफ्रीका है। मैं पाकिस्तान को चौथी टीम के रूप में नहीं चुन रहा हूं।

# भारत का फाइनल में पलड़ा भारी, जरूरत है जापान के खिलाफ चौकस रहने की

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

- भारत की ताकत स्ट्राइकर मनदीप व अभिषेक के साथ ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत
- भारत के लिए रोहिदास की रशर, ड्रैग फ्लिकर व फुलबैक के रूप में भूमिका अहम



**नई दिल्ली,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। अनुभवी स्ट्राइकर मनदीप सिंह, ललित उपाध्याय और नौजवान अभिषेक ने सही वक्त पर मैदानी गोल करने के साथ बराबर पेनल्टी कॉर्नर दिलाए और इनका बतौर ड्रैग फ्लिकर उसके कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने %ब्रह्मास्त्र' के रूप में पूरा इस्तेमाल कर गोल कर भारतीय पुरुष हॉकी टीम को हंगजू(चीन) में सेमीफाइनल सहित अजेय रह कर जीत' के छक्के साथ 19 वें एशियाई खेलों के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। भारत की ताकत उसके मनदीप, ललित और अभिषेक जैसे स्ट्राइकरों हॉकी की कलाकारी और हरमनप्रीत सिंह सहित खतरनाक ड्रैग फ्लिकरों की त्रिमूर्ति के साथ बतौर टीम उसका बेहद फिट होना है । भारतीय हॉकी टीम मैच को जिस रफ्तार से शुरू करती है उसी से खत्म करने का भी दम रखती है। 13 वीं बार एशियाई खेलों फाइनल में पहुंचने वाली दुनिया की तीसरे नंबर की टीम भारत के सामने अब शुक्रवार को जवाबी हमले बोलने में माहिर आखिर तक टक्कर देने का जज्बा रखने वाली मौजूदा चैंपियन जापान की टीम होगी। पूरे रंग में चल रहे भारत का पलड़ा फाइनल में भारी है, लेकिन जरूरत जापान के खिलाफ पूरी तरह चौकस रहने की है। भारत और जापान दोनों ही स्वर्ण जीत सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने के मकसद से उतरेंगे और ऐसे में फाइनल में बेहद रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है।

भारत के लिए अमित रोहिदास की भूमिका बतौर रशर पेनल्टी कॉर्नर को रोकने, ड्रैग फ्लिकर के रूप में गोल करने के साथ बतौर डिफेंडर जापान के हमलों को नाकाम करने के लिहाज बेहद अहम होगी। भारत ने फाइनल तक के अपने सफर में छह मैचों में कुल 63 गोल किए हैं और इनमें 50 - मनदीप सिंह (12),हरमनप्रीत सिंह (11), अभिषेक (8), वरुण कुमार (8), ललित उपाध्याय(7) और अमित रोहिदास (चार)- छहों ने मिल कर दागे हैं। सबसे अहम बात यह है कि भारत के लिए इन खेलों में अब तक उसके 18 में से 15 खिलाडियों ने गोल किए हैं। कप्तान हरमनप्रीत ,वरुण कुमार, अमित रोहिदास और सुमित की अपनी डी से प्रतिद्वंद्वी टीम की %डी' में लंबे स्कूप से अपने स्ट्राइकरों के लिए गेंद आगे बढ़ा प्रतिद्वंद्वी टीम को छकाने की भारत की रणनीति खासी कारगर रही है। बस भारत के दोनों गोलरक्षकों पीआर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक के साथ जर्मनप्रीत सिंह अकेले खिलाड़ी हैं, जो गोल नहीं कर पाए हैं। भारत के सबसे अच्छी बात यह है कि मनदीप, अभिषेक ने मैदानी गोल और रोहिदास ने पेनल्टी कॉर्नर पर अहम मौकों पर गोल कर उसे बढ़त दिलाने के साथ दबाव हटाने में मदद की है। जापान की टीम भी भी बहुत हद दक्षिण कोरिया की तरह जवाबी हमलों और गोल करने के लिए पेनल्टी कॉर्नर पर निर्भर करती है। भारत ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ सेमीफाइनल में पहले ही क्वॉर्टर में 3-0 की बढ़त लेने के बाद इसे और बढ़ाने की बजाय बरकरार रखने की जो गलती की उससे उसे शुक्रवार को फाइनल में जापान के खिलाफ बचना होगा।

फसल बीमा की 1058 करोड़ की राशि की अंतरण, मुख्यमंत्री ने कहा-

# सर्वे कराकर देंगे किसानों को राहत राशि, खाद की नहीं होने देंगे कमी



- राज्य में 4 लाख 30 हजार पट्टों के वितरण का किया शुभारंभ
- 1 हजार करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया
- अनुदान पर ट्रांसफार्मर की योजना शुरु की जा रही है

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसानों को शून्य प्रतिशत पर ब्याज की व्यवस्था की गई। किसान भाईयों के लिए खाद की कमी नहीं होने दी जाएगी। डिफाल्टर किसानों को सहकारिता की व्यवस्था से खाद उपलब्ध कराया जाएगा। किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है तो सर्वे कराकर राहत की राशि और फसल बीमा का पैसा दिलवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए अनुदान पर ट्रांसफार्मर की योजना पुन आरंभ की जा रही है। प्रतिमाह किसानों को एक हजार रुपये की राशि उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत व्यवस्था की गई है।

सतना में आयोजित राज्य स्तरीय कृषक सम्मेलन में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने सम्मेलन में 72 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि के 1 हजार 560 करोड़ का सिंगल क्लिक से अंतरण किया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के 30 लाख दावों में 1 हजार 58 करोड़ रुपये किसानों के खातों में जारी किए गए। श्री चौहान ने 4 लाख 30 हजार परिवारों को पट्टों का वितरण भी किया।

इसके तहत मुख्यमंत्री आवास भू-अधिकार योजना (ग्रामीण) के 75 हजार, मुख्यमंत्री नगरीय भू-अधिकार योजना के 5 हजार 711 और स्वामित्व योजना के 3 लाख 50 हजार पट्टे हितग्राहियों को प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने 1 हजार 117 करोड़ 58 लाख की लागत के 127 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इसके तहत 959 करोड़ 37 लाख के 40 कार्यों का भूमिपूजन किया गया तथा 157 करोड़ 84 लाख के अधिक के लागत के 87 करोड़ विकास कार्यों का लोकार्पण किया। वहीं मुख्यमंत्री ने व्यंकटेश लोक मूर्तियों का अनावरण भी किया। किसानों ने हल भेंटकर मुख्यमंत्री श्री चौहान का अभिवादन किया गया।

## महाविद्यालय और सड़कों का लोकार्पण

श्री चौहान ने 157 करोड़ 84 लाख से अधिक की लागत से हुए विकास कार्यों के अंतर्गत 61 करोड़ 26 लाख की लागत से सतना में नेक्टर झील, व्यंकेटेश मंदिर, संतोषी माता तालाब के पुर्नविकास और 50 करोड़ की लागत से बने 2 मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक चित्रकूट में 10 करोड़ की लागत से बने आईटीआई छात्रावास व आवासों का लोकार्पण किया। सात करोड़ 95 लाख की लागत से सतना जिले में बने अस्पताल, हाईस्कूल भवन जैसे विकास कार्यों, 5 करोड़ 51 लाख की लागत से निर्मित विवेकानंद महाविद्यालय मैहर और वनदेवी परिसर चित्रकूट सहित विभिन्न सड़कों और अन्य निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी किया गया।

## कामतगिरि पथ और मां शारदा देवी मंदिर रोप-वे का भूमिपूजन

मुख्यमंत्री ने 959 करोड़ 73 लाख लागत से किए गए कार्यों के भूमिपूजन के तहत 372 करोड़ 88 लाख की लागत से बनने वाली सतना से सोहावल नहर, 227 करोड़ 56 लाख की लागत से चित्रकूट में बनने वाले दोरीसागर बांध, 178 करोड़ 22 लाख लागत की नागौद-मैहर सड़क, 40 करोड़ 33 लाख के मझगवां सीएम राइज स्कूल, 31 करोड़ 53 लाख लागत के कामतगिरि पथ, 25 करोड़ 26 लाख के मां शारदा देवी मंदिर यात्री सुविधा व रोप-वे का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शासकीय महाविद्यालय नादन, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नागौद, जिले की कई सड़कों तथा अन्य निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल, सांसद सतना गणेश सिंह, क्षेत्रीय विधायक गण, पंचायत और नगरीय निकायों के पदाधिकारी तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

वहीं सम्मेलन में सतना के सीमावर्ती जिलों रीवा, पन्ना, कटनी, सीधी, छतरपुर, उमरिया आदि के कृषक शामिल हुए। जबकि अन्य जिलों के कृषक कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े।

मुख्यमंत्री ने शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस ट्रेन को दिखाई हरी झंडी, कहा-

# शहडोल में होगा अत्याधुनिक एयरपोर्ट का निर्माण

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि इस अमूल्य सौगात से नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी। साथ ही इस क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी। श्री चौहान ने इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार माना।

उन्होंने कहा कि इस रेल से प्रदेश का यह जनजातीय बाहुल्य जिला सीधे नागपुर से जुड़ेगा। इसका बड़ा लाभ हमें विकास में मिलेगा, फसलों का उत्पादन विशेष रूप से श्री अन्न का व्यापार बढ़ेगा। शहडोल-अनूपपुर-उमरिया को नई रेल का लाभ मिलेगा। क्षेत्र की जनता इस उपलब्धि के लिए बधाई की पात्र है। रेल चली रे रेल चली - शहडोल से नागपुर रेल चली का सपना आज साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि शहडोल में जल्द ही अत्याधुनिक एयरपोर्ट का निर्माण होगा। एयरपोर्ट के बिना निवेश आने में कठिनाई होती है, एयरपोर्ट आने से क्षेत्र में बड़े कल कारखाने लगने का मार्ग प्रशस्त होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विकास और जनता के कल्याण में हम कोई कसर नहीं रहने देंगे, उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि शहडोल के विकास की आवाज हूँ-मैं शिवराज हूँ।

## प्रदेश में बनेंगे 80 विश्वस्तरीय रेल्वे स्टेशन

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी और रेल मंत्री श्री वैष्णव के हम आभारी हैं, उनके नेतृत्व में प्रदेश में कई रेलवे के प्रोजेक्ट संचालित हो रहे हैं। वर्ष 2023-24 के बजट में प्रदेश को 13 हजार 607 करोड़ रुपए रेलवे के विकास के लिए मिले हैं। प्रदेश में रेलवे के 80 विश्व स्तरीय स्टेशन का निर्माण होगा, 47 रेलवे स्टेशन पर एक जिला - एक उत्पाद के स्टॉल लगाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि क्षेत्र के विकास में हमारी सरकार प्रतिबद्धता और सक्रियता के साथ कार्य करती रही है। शहडोल को संभाग बनाया गया, यहां मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, विश्वविद्यालय, आईटीआई की व्यवस्था की गई। प्रदेश का विकास मेरी जिंदगी का मिशन है, इसी भावना के अनुरूप प्रदेश में लगातार विकास की गतिविधियां जनता को समर्पित की जा रही हैं। शहडोल के विकास में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। शहडोल रेल्वे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में नगरीय निकायों और पंचायतों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने महाकाल महालोक के द्वितीय चरण का लोकार्पण किया, बोले-

# सनातन संस्कृति का न आदि है न अंत



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज एक महासंकल्प पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में सिहंस्थ के वैचारिक महाकुंभ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आये थे। वैचारिक महाकुंभ में श्री महाकाल महालोक के बारे में विचार किया गया था। बाबा महाकाल के आशीर्वाद और प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्रेरणा से श्री महाकाल महालोक निर्माण के पुनीत कार्य की शुरूआत हुई। मुझे हर्ष है कि हमने महाकाल लोक निर्माण के दोनों चरणों को पूरा कर लिया है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उज्जैन में आज 242 करोड़ 35 लाख रुपए के श्री महाकाल महालोक के द्वितीय चरण के कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि द्वितीय चरण के लोकार्पण से अब महाकाल मंदिर का परिसर 2.87 हेक्टेयर से बढ़कर 47 हेक्टयर हो गया है। श्री महाकाल महाराज मंदिर परिसर विस्तार योजना 856 करोड़ रुपए की है। परियोजना के प्रथम चरण में 351 करोड़ रुपए के कार्यों को रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया है। 242 करोड़ 35 लाख रुपए लागत से दूसरे चरण के विकास कार्य किए गए। उन्होंने 284 करोड़ रुपए की लागत के यूनिटी मॉल और 250 करोड़ रुपए की लागत के मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन भी किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्री महाकाल की कृपा से उज्जैन में विकास कार्यों के लिये तीन हजार करोड़ रुपए अलग से आ रहा है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विश्व का कल्याण हो यह सनातन संस्कृति की देन है। हमारी सनातन संस्कृति में सब के सुखी, निरोगी और कल्याण की कामना की गई है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि सभी जीवों में एक ही चेतना है। सनातन का न कोई आदि है न अंत है। इसे कभी कोई समाप्त नहीं कर सकता। सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश में कई काम हो रहे हैं। अभी हाल ही में ओंकारेश्वर में आदि शंकराचार्य जी की एकात्मता प्रतिमा का अनावरण किया गया है। प्रदेश के चित्रकूट, ओरछा, सलकनपुर आदि स्थानों पर लोक एवं धाम निर्माण के कार्य हो रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जब तक जीवन है, तब तक सनातन की सेवा करते रहें। जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है। उन्होंने कहा कि उज्जैन पूरा बदल गया है, अर्थ-व्यवस्था बदल गई। यहां बड़ी संख्या में दर्शनार्थी आ रहे हैं। सबका जीवन सफल और सार्थक हो।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि श्री महाकाल महालोक के द्वितीय चरण में अद्भुत कार्य हुए हैं। इनमें गंगा पथ, नूतन घाट, रूद्रसागर का जीर्णोधार, सिद्धि विनायक पथ, शक्ति पथ, प्रमुख सवारी मार्ग, सीसीटीवी लगाने का कार्य किया गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान उज्जैन में श्री महाकाल महालोक के द्वितीय चरण और नीलकंठ वन एवं महाकाल मंदिर अन्न क्षेत्र का लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान को अखाड़ा परिषद की ओर से सनातन गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्होंने श्री महाकाल महालोक परिसर का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने श्री महाकाल मंदिर में पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने परिसर में भ्रमण के दौरान पुजारियों के साथ मजीरा बजाया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, उज्जैन सांसद श्री अनिल फिरोजिया मुख्यमंत्री श्री चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान,साधु-संत और पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंच पर पुष्प वर्षा कर साधु संतों का अभिनन्दन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में श्री महाकाल महालोक पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्मार्ट सिटी पुस्तक का विमोचन किया।

श्री महाकालेश्वर मंदिर अन्न क्षेत्र में 25 करोड़ रुपए की लागत से देश के सबसे बड़े अन्न क्षेत्र का निर्माण हुआ है, जिसमें अत्याधुनिक मशीनों द्वारा प्रतिदिन एक लाख श्रद्धालुओं को भोजन कराया जा सकेगा। एक साथ 2 हजार श्रद्धालुओं को भोजन करा सकें, इतना बड़ा भोजन कक्ष है। अन्न क्षेत्र में अन्य सुविधाओं जैसे, 2 विशाल आधुनिक रसोई, दो विशाल भोजन कक्ष, प्रतीक्षालय, वीआईपी भोजन कक्ष, दो लिफ्ट एवं शौचालय का निर्माण कराया गया है। 6.73 करोड़ रुपए की लागत से श्री महाकाल मंदिर के पश्चिम भाग में आपातकालीन प्रवेश और निर्गम मार्ग का कार्य हुआ है। इस मार्ग का निर्माण महाकाल मंदिर के पश्चिमी द्वार से शुरू होकर धर्मशाला के प्रवेश तक जाएगा।

श्री महाकाल मंदिर परिसर में 25 करोड़ रुपए की लागत से टनल का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है, जिसमें दर्शनार्थियों की सुविधा एवं भीड़ प्रबंधन को दृष्टिगत रखते हुए एक अतिरिक्त मार्ग न्यू वेटिंग हॉल से गणेश मण्डपम तक अंडर ग्राउंड कवर्ड पाथवे का निर्माण किया गया है, जिसकी लम्बाई 300 फीट एवं चौड़ाई 30 फीट है। द्वितीय चरण में नीलकंठ वन का विकास कार्य 6 करोड़ 95 लाख रुपए की लागत से किया गया है। इस स्थान पर हरित क्षेत्र विकास, विक्रय स्थल, लैंडस्केप प्लाजा, पथ, ग्रास लॉन एवं अत्याधुनिक जन-सुविधा केंद्रों का निर्माण किया गया है। श्री महाकाल महालोक में पूर्व दिशा में प्रवेश मार्ग का निर्माण 22 करोड़ 36 लाख रुपए की लागत से किया गया है।

उज्जैन मेडिकल कॉलेज लगभग 250 करोड़ रुपए लागत से 25 एकड़ भूमि पर बनाया जाएगा। 100 एमबीबीएस सीट प्रत्येक वर्ष में होंगी। श्री महाकाल लोक परिसर के द्वितीय चरण का लोकार्पण वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दिव्यता एवं भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्री रविंद्र पुरी महाराज ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रदेशवासियों के कल्याण का कार्य किया है। पर्यटन एवं संस्कति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने आभार व्यक्त किया।

दिल्ली में 9 को होगी कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक

# 5 राज्यों के चुनाव व जाति जनगणना पर होगी चर्चा



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे की अगुवाई में नवगठित कांग्रेस कार्यसमिति की दूसरी बैठक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में होगी। इसमें इस साल के आखिर में होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की तणनीति तय करने ,जातीय जनगणना और कुछ अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, आगामी सोमवार को कांग्रेस मुख्यालय में होने जा रही कार्यसमिति की बैठक में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनाव की तैयारियों, जाति जनगणना,जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग और देश के मौजूदा राजनीतिक व आर्थिक हालात

## छत्तीसगढ व राजस्थान में अपनी सत्ता बचाने की चुनौती

को लेकर चर्चा की जा सकती है। उल्लेखनीय हैकि कार्यसमिति कांग्रेस पार्टी की सबसे नीति निर्धारक इकाई है। इसकी बैठक पांच राज्यो के विधानसभा चुनावों से ठीक पहले हो रही है। इसलिए यह ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है। माना जा रहा है कि इसमें चुनाव की रणनीति के साथ ही चुनावी मुद्दों पर चर्चा होगी। कांग्रेस के सामने जहां छत्तीसगढ और राजस्थान में अपनी सत्ता बचाने की चुनौती है,वहीं मध्यप्रदेश में वह भाजपा से सत्ता छीनने की जद्दोजहद कर रही है। वहीं तेलंगाना और मिजोरम में क्षेत्रीय पार्टियो ंका फिलहाल वर्चस्व है ।दाव पर लगी है। बतादें कि इससे पहले कांग्रेस कार्य समिति की बैठक पिछले माह 16-17 सितम्बर को हैदराबाद में हुई थी।

**गरीबों का पैसा लूटने नहीं....** किया गया। इन नामों की वजह से असली हकदारों के स्थानों पर खजाना लूटने वाले लोग हावी हो गए थे। अब वास्तविक गरीबों को पैसा मिल रहा है, जो उन्हें काम आ रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थानों से जुड़ी 12 हजार करोड़ से अधिक राशि की विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास भी किए।

श्री मोदी ने प्रमुख रूप से जिन परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया उनमें रानी दुर्गावती स्मारक का भूमिपूजन लागत 100 करोड़ रूपए, जल जीवन मिशन के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण लागत 2 हजार 455 करोड़ रूपए, सड़क परियोजनाओं का भूमिपूजन और लोकार्पण लागत 5 हजार 75 करोड़ रूपए, औद्योगिक परियोजनाओं का भूमिपूजन और लोकार्पण लागत 3 हजार 15 करोड़ रूपए, लाइट हाउस प्रोजेक्ट इंदौर का लोकार्पण लागत 128 करोड़ रूपए, रेल लाइनों के दोहरीकरण कार्य का लोकार्पण लागत एक हजार 867 करोड़ रूपए शामिल हैं। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल,

## प्रथम पृष्ठ का शेष

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, राज्य शासन के अनेक मंत्री, प्रदेश के सांसद और अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**शिवराज ने बताईं उपलब्धियां, कहा....** में पेसा एक्ट लागू किया गया है, जिससे जनजातियों को जल, जमीन और जंगल के अधिकार मिले हैं। जहाँ तेंदूपत्ता जैसे वन उत्पाद को बेचने और लाभ प्राप्त करने का अधिकार जनजातीय वर्ग को मिल रहा है, वहीं शांति, विवाद निवारण समितियां जनजातीय क्षेत्रों में छोटे-मोटे विवादों को परस्पर चर्चा द्वारा हल कर रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गरीब कल्याण का संकल्प लिया है। मध्यप्रदेश में आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्ट्रीट वेण्डर्स के कल्याण, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री मातृ-वंदना योजना, स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन में अव्वल रहने का कीर्तिमान बनाया गया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के स्वच्छता मंत्र को भी अपनाया गया है।

**मप्र में हुए ढाई सौ से अधिक....** मिड डे मील घोटाला, सर्व शिक्षा अभियान का घोटाला, स्कॉलरशिप में घोटाला भर्ती परीक्षाओं में घोटाला, धार में बने हुए डेम में भी इन्होंने भ्रष्टाचार किया है। प्रियंका ने सवाल पूछा कि क्या इन्होंने उसकी जांच की यहां पर ईडी को भेजा? ये ईडी को सभी विपक्षी नेताओं के यहां पहुंचा देते हैं क्या इन्होंने प्रदेश के किसी भी अपने बड़े नेता के यहां ईडी पहुंचाई, उसकी जांच की गई। कांग्रेस महासचिव श्रीमती गांधी ने कहा आज बेरोजगारी चरम पर है जबकि विश्वविद्यालय में 75 प्रतिशत पद रिक्त हैं, स्वास्थ्य केंद्रो में डॉक्टर के 90 प्रतिशत से अधिक पद खाली हैं, ग्रामीण समुदाय स्वास्थ्य केंद्रो में 90 प्रतिशत से अधिक पदों पर नियुक्ति की जरूरत है, महिला रोग विशेषज्ञों में 90 प्रतिशत पद, बच्चों के डॉक्टर के 90 प्रतिशत से ज्यादा पद आज प्रदेश में खाली है। प्रियंका ने कहा कि जहां से रोजगार मिलता था, उन पीएसयू को उन्होंने बेच दिया। इन्होंने मनरेगा के रोजगार को भी खत्म कर दिया। छोटे व्यापारी जीएसटी भर-भरकर परेशान हैं।

इसके पहले इसके पहले श्रीमती गांधी ने गोंडवाना की महारानी दुर्गावती की जयंती पर याद करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने लोकनायक टंट्या मामा जी की जय, जय-भीम, जय-जोहार का नारा लगते हुए अपने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि हमारी दादी हमें आदिवासियों की संस्कृति और उनकी कहानियों के बारे में हमें बताती थी, हमारे और आपके बीच में प्रेम और श्रद्धा का रिश्ता रहा है, जो कि एक तरफा नहीं है।

**कमलनाथ बोले- शिवराज को 18 साल....** कहा कि हमारा प्रदेश पांच राज्यों से घिरा है लेकिन फिर भी जिसको तमिलनाडु और केरल में अपना सामान बेचना है वह अपनी फैक्ट्री को पंजाब और हरियाणा में लगता है किसी भी निवेशक को आज मध्य प्रदेश पर विश्वास नहीं है। मेरा यही प्रयास था कि हमारी एक अलग पहचान बने हमारी पहचान एक विकसित राज्य की बने।

एनडीए को फिर लगा झटका

# पवन कल्याण ने भी साथ छोड़ा

**मछलीपट्टनम, एजेंसी।** अभिनेता राजनेता पवन कल्याण ने कहा है कि उनकी जन सेना पार्टी (जेएसपी) 2024 विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी (टीडीपी) तेलुगु देशम के साथ हाथ मिलाने के लिए बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए से बाहर आ गई है। कृष्णा जिले के पेडाना में अपनी वाराही यात्रा के हिस्से के रूप में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वह कठिन समय में टीडीपी का समर्थन करने के लिए एनडीए से बाहर आए हैं। उन्होंने कथित कौशल विकास घोटाले में टीडीपी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए कहा, मुश्किलों के बावजूद हम एनडीए में शामिल हुए थे। अब हम सामने आए हैं और टीडीपी को 100 प्रतिशत समर्थन दिया है क्योंकि यह कठिन समय से गुजर रही है। पवन कल्याण, जिन्होंने पिछले महीने राजमुंदरी जेल में नायडू से मुलाकात की थी, ने कहा कि आंध्र प्रदेश को लड़ने के लिए टीडीपी के चार दशकों के अनुभव और जन सेना की युवा ताकत की जरूरत है। उन्होंने विश्वास जताया कि टीडीपी-जेएसपी गठबंधन 2024 में सत्ता में आएगा।

## 18 जुलाई एनडीए की बैठक में शामिल हुए थे

यह पहली बार है कि पवन कल्याण ने सार्वजनिक रूप से घोषणा की कि जन सेना एनडीए से बाहर आ गई है। वह 18 जुलाई को दिल्ली में हुई एनडीए की बैठक में शामिल हुए थे। बैठक के बाद उन्होंने कहा था कि जन सेना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन का समर्थन करेगी। पवन कल्याण ने पहले कहा था कि वह जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए बीजेपी के रोड मैप का इंतजार कर रहे हैं। जाहिर तौर पर यह महसूस करते हुए कि बीजेपी दोबारा टीडीपी से हाथ मिलाने को तैयार नहीं है, पवन कल्याण ने टीडीपी के साथ जाने का फैसला लिया।

# भाजपा ने जारी किया पोस्टर, राहुल को बताया नए जमाने का 'रावण'

- राहुल को धर्म और राम विरोधी बताया
- राहुल गांधी का एकमात्र लक्ष्य भारत को बर्बाद करना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने राहुल गांधी को नए जमाने का रावण बताते हुए पोस्टर जारी कर उन्हें धर्म और राम विरोधी बता दिया है। भाजपा ने जॉर्ज सोरोस पर भी निशाना साधते हुए यह आरोप लगाया है कि राहुल गांधी का एकमात्र लक्ष्य भारत को बर्बाद करना है। भाजपा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया




अकाउंट्स पर राहुल गांधी का जो पोस्टर जारी किया है, उसमें उनके 7 सिर दिखाए गए हैं और उसके ऊपर लिखा गया है - 'भारत खतरे में है।' राहुल गांधी की 7 सिरों वाली तस्वीर के नीचे अंग्रेजी भाषा के बड़े अक्षरों में 'रावण' लिखा गया है और उसके नीचे 'ए कांग्रेस पार्टी प्रोडक्शन डायरेक्टेड बाय जॉर्ज सोरोस' लिखा गया है। पोस्टर को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर शेयर करते हुए भाजपा ने लिखा है, 'नये जमाने का रावण यहां है। वह दुष्ट है। धर्म विरोधी, राम विरोधी है। उनका लक्ष्य भारत को नष्ट करना है।'

## कांग्रेस ने पोस्टर को लेकर भाजपा की आलोचना की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर राहुल गांधी का एक पोस्टर पोस्ट किया। जिसमें राहुल गांधी को रावण के रूप में दर्शाया गया है। इस हरकत पर कांग्रेस ने गुरुवार को भाजपा की कड़ी आलोचना की है। कांग्रेस ने कहा कि पोस्टर का उद्देश्य राहुल गांधी के खिलाफ स्पष्ट रूप से हिंसा भड़काना है, जिनके पिता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और दिवंगत दादी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या उन ताकतों द्वारा की गई थी जो भारत को विभाजित करना चाहते थे।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने अपने



एक्स अकाउंट से पोस्ट किया, 'भाजपा के ऑफिशल हैंडल पर राहुल गांधी को रावण के रूप में दिखाने वाले घटिया ग्राफ़िक के पीछे वास्तविक मंशा क्या है? इसका स्पष्ट रूप से एक ही मकसद है, एक कांग्रेस सांसद और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष के ख़िलाफ़ हिंसा के लिए उकसाना और भड़काना, जिनके पिता और दादी की हत्या उन ताकतों ने की थी जो भारत को तोड़ना चाहते हैं।' उन्होंने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री का हर दिन झूठ बोलकर मानसिक रूप से बीमार होने और आत्ममुग्धता के विकार से पीड़ित होने का सबूत देना एक बात है। लेकिन, अपनी पार्टी से इस तरह के घृणा से भरे कंटेंट बनवाना न केवल पूरी तरह से अस्वीकार्य है, बल्कि बेहद ख़तरनाक भी है। हम डरने वाले नहीं हैं। 10 सिर वाले राहुल गांधी के पोस्टर को पार्टी के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने भी अपने एक्स हैंडल पर साझा किया था।

# जेडीयू सांसद ने जातीय गणना के आंकड़ों को गलत करार दिया



**पटना, देशबन्धु।** बिहार में जातीय गणना के आंकड़ों को लेकर विवाद लगातार बढता जा रहा है। कोईरी, धानुक जैसी कई जातियों के लोगों के साथ साथ विपक्षी पार्टियों के नेता जातीय गणना के आंकड़ों पर गंभीर सवाल उठा चुके हैं। अब जेडीयू के सांसद ने जातीय गणना के आंकड़ों को गलत करार दिया है। जेडीयू सांसद ने कहा है कि जातीय गणना में तेली समाज के लोगों के साथ गड़बड़ी की गयी है। सांसद ने कहा है कि उनके समाज के लोग इस जातीय गणना को खारिज करते हैं।

जेडीयू के सांसद सुनील कुमार पिंटू ने आज मीडिया से बात करते हुए कहा कि बिहार सरकार ने 2 अक्टूबर को जातीय गणना की जो रिपोर्ट जारी की है वह सही नहीं है। सांसद सुनील कुमार पिंटू ने कहा है कि वे तेली समाज के संयोजक हैं और उन्होंने सभी जिलों में अपने समाज के लोगों से बात की है। सारे जिलों से ये जानकारी दी गयी है कि कई जगहों पर तेली समाज के मोहल्ले और टोलों की गिनती ही नहीं की गयी और आंकड़े गढ़ लिये गये।

सांसद सुनील कुमार पिंटू ने कहा कि जातीय गणना की रिपोर्ट में तेली समाज की तादाद 2.81 परसेंट बतायी गयी है जो पूरी तरह से गलत है। इसलिए तेली समाज के लोग इस जातीय गणना को खारिज करते हैं। सांसद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से कहा है कि वह फिर से जातीय गणना करायें। अभी की गणना को तेली समाज के लोग नहीं मानेंगे। सुनील कुमार पिंटू ने कहा कि जातीय गणना की रिपोर्ट के खिलाफ 8 अक्टूबर को पटना में तेली समाज के लोगों को बुलायी गयी है। इसमें सारे जिले के लोग शामिल होंगे, जो ये बतायेंगे कि कहां-कहां उनके समाज के लोगों की गिनती नहीं हुई ।इसका एक पूरा ड्राफ्ट तैयार कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दिया जायेगा और उनसे मांग की जायेगी कि हमारे समाज की गणना फिर से करायी जाये।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।